डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार | 22 जून 2026 | वर्ष-32, अंक-246, पृष्ठ-12
शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2083 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
पेज 10



www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ पलामू

- 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर पदाधिकारियों, विद्यार्थियों और मीडियाकर्मियों ने किया योगाभ्यास

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पूरे पलामू जिले में उत्साह और उल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया। जिला प्रशासन एवं जिला आयुष समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं जिले के सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों, पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश दिया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योगा फॉर हेल्दी एजिंग" के अनुरूप पदाधिकारियों, विद्यार्थियों, मीडियाकर्मियों तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित



शिवाजी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी तथा पतंजलि योगपीठ के मास्टर योग प्रशिक्षक राजीव शरण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी, स्कूली छात्र-छात्राएं, समाजसेवी और शहर के नागरिक मौजूद रहे।

पतंजलि योगपीठ के मास्टर योग प्रशिक्षक राजीव शरण ने प्रतिभागियों को योग एवं प्राणायाम की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को निरोग रखने के साथ-साथ तनावमुक्त और ऊर्जावान भी बनाता है। शेष पेज 11 पर

## योग को दिनचर्या में शामिल कर निरोग बन रहा समाज : वीडी राम



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी पलामू की ओर से मेदिनीनगर स्थित अंबेडकर पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि योग के माध्यम से स्वस्थ और निरोग जीवन का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। देशभर में उत्साहपूर्वक आयोजित हो रहे योग कार्यक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि लोग योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। शेष पेज 11 पर




| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधि. | अधि. |
| 40.0° | 37.9° |
| न्यून. | न्यून. |
| 28.0° | 29.6° |

## दृष्टिपात

### 1.55 किलो अफीम के साथ 3 गिरफ्तार, सात लाख बरामद

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 1.550 किलोग्राम अफीम, सात लाख रुपए नकद, एक कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पुना राम, रामलाल और राहुल कुमार खेवार शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही क्षेत्र से कुछ तस्कर चौपारण थाना क्षेत्र में अफीम की खरीद-बिक्री के लिए आने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद चौपारण थाना क्षेत्र के लोहारबरवा के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान बरही की ओर से आ रही एक सफेद बोलेरो को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया और उसमें सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुना राम और रामलाल के रूप में हुई है। वाहन की तलाशी लेने पर बीच वाली सीट के नीचे प्लास्टिक में पैक सात लाख रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि वे चौपारण थाना क्षेत्र के अहरी गांव में अफीम खरीदने जा रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अहरी गांव में छापेमारी की। इस दौरान राहुल कुमार खेवार के घर से अलग-अलग पैकेटों में रखी 1.550 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। पुलिस ने राहुल कुमार खेवार को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## खूंटी में कार्रवाई के दौरान गोलीबारी में श्रवण के पैर में लगी गोली

# पीएलएफआई के एरिया कमांडर श्रवण सहित 7 उग्रवादी गिरफ्तार

- खूंटी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी
- उग्रवादियों के पास से हथियार समेत कई सामाग्री बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले में उग्रवाद विरोधी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर श्रवण दास को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से अवैध हथियार, कारतूस, संगठन से जुड़े दस्तावेज, प्रचार सामग्री और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान उसने भागने का प्रयास किया और पुलिस दल पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। वर्तमान में उसका इलाज रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में चल रहा है।

खूंटी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने रविवार को जरियागढ़ थाना क्षेत्र के इंदवन में आयोजित प्रेस वार्ता में पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य श्रवण दास अलंकेल से सुंदारी रोड पर अपने कुछ सहयोगियों के साथ क्षेत्र में किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष छापेमारी दल का गठन किया और संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ा दी।

एसपी ने कहा कि तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर श्रवण दास और उसके सात साथियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में श्रवण दास उर्फ फगुवा दास, ग्राम निचितपुर, रनिया निवासी, सुदर्शन सोय उर्फ सुधीर सोय जामदा मुरहू, सलीम बोदरा उर्फ रोड़े, जिलंगबरु तपकरा, सामू डोडराय कुटम जरिया, विष्णु मांझी कुटाम जरिया, चर्चित गुड़िया हुजूर तपकरा और उमर खान सिलमा कर्रा शामिल हैं। शेष पेज 11 पर

### भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में लाने का सरकार कर रही प्रयास

हेमंत सोरेन सरकार राज्य से उग्रवाद और नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की नीति 'समर्पण, पुनर्वास और कड़ी कार्रवाई' का मिला-जुला रूप है। सरकार राज्य के नक्सल और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों से आतंक को खत्म करने और भटके हुए युवाओं को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यधारा में लौटने वाले उग्रवादियों और नक्सलियों को वित्तीय पैकेज, आवास और बच्चों की शिक्षा के लिए मदद दी जा रही है। आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों एवं उग्रवादियों के परिवारों को पुनर्वासित करने के लिए कृषि योग्य जमीन और आवास के पट्टे दिए जा रहे हैं। इसका लाभ यह हुआ है कि बड़ी संख्या में उग्रवादियों और नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किए हैं। इससे उग्रवादियों और नक्सलियों का नेटवर्क कमजोर हुआ है।



शेष पेज 11 पर

## रांची विवि के दीक्षांत मंडप में सामूहिक योगाभ्यास

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : डॉ इरफान



- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी किया योग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार की सुबह रांची विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह छह बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों, योग प्रशिक्षकों, योग साधकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गण्यमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में योग के प्रति जागरूकता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण दिख रहा था। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और रांची के विधायक सीपी सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने भी योगाभ्यास किया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रखी गई थी। शेष पेज 11 पर

### योगासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी किए गए सम्मानित

कार्यक्रम में योगासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे अधिक से अधिक युवाओं को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिलेगी।

## आज कल




## मांडर में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूमों की गई जान

नवीन मेल संवाददाता



दोनों सगे भाई थे, एक की उम्र छह व दूसरे की सात थी

**रांची।** राजधानी रांची के मांडर थाना क्षेत्र के हाहु टोली करगे गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान अंजी महली (7 वर्ष) और अंश महली (6 वर्ष) के रूप में हुई है, जो आपस में सगे भाई थे।

जानकारी के अनुसार, रविवार को दोनों बच्चे अपने घर के पास ही खेल रहे थे। वे खेलते-खेलते गांव के समीप स्थित पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिर गए। काफी देर तक जब दोनों मासूम घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के बाद ग्रामीणों की नजर जब पानी भरे गड्ढे पर पड़ी, तो वहां दोनों अचेत अवस्था में पाए गए। ग्रामीणों ने दोनों को तत्काल पानी से बाहर निकाला और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। शेष पेज 11 पर

## महिला से छेड़खानी का आरोप, मुखिया हिरासत में

**देवघर।** देवघर जिले में एक पंचायत के मुखिया (ग्राम प्रधान) पर महिला के घर में आधी रात को घुसकर छेड़खानी का आरोप लगा है। सारठ प्रखंड की कैराबांक पंचायत के मुखिया सागर मंडल को शनिवार देर रात ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना शनिवार और रविवार की आधी रात को करीब एक बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि मुखिया सागर मंडल अलकुशा गांव स्थित एक घर में पहुंचे, जहां उन्होंने महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला के विरोध और शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्य जाग गए और उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मुखिया को पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि मुखिया गलत नीयत से घर में घुसे थे। घटना की सूचना मिलने पर पथरड्डा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को शांत कराया और मुखिया को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। इसके बाद उनसे पूछताछ की गई।

# नीट (यूजी)-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न हुई

## चार परीक्षा केंद्रों में 1693 अभ्यर्थी शामिल, 142 नहीं पहुंचे

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रविवार को आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा पलामू जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 1835 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, जिनमें से 1693 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 142 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के दौरान गढ़वा उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने जिला स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, जैमर, प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शेष पेज 11 पर

## शिलान्यास 12.44 करोड़ से बनेंगी तीन सड़कें, डगरा-सरईडीह सड़क का भी निर्माण जल्द

# ग्रामीण विकास का आधार हैं बेहतर सड़कें : वित्त मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर ने रविवार को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत 12 करोड़ 44 लाख 70 हजार रुपये की लागत से बनने वाली तीन महत्वपूर्ण सड़कों का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इसके साथ ही नौडीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डगरा से सरईडीह तक योजना एवं विकास विभाग की अनावद्ध निधि से 9.76 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 10 किलोमीटर लंबी सड़क की आधारशिला भी रखी गई।

शिलान्यास की गई योजनाओं में ग्राम अरर में पीएमजीएसवाई सड़क अरर-दुपटिया से ठेखी वाया आरा रोड तक लगभग 6.50 किलोमीटर, मदनपुर आरईओ रोड से पिंडराही होते हुए अहरी पंडरिया टोला तक 6.10 किलोमीटर तथा एनएच-98 करोली रोड से करोली पंडरिया टोला तक 1.90 किलोमीटर लंबी सड़क शामिल है। शेष पेज 11 पर

## निर्माण से पलामू संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी : सांसद



इस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक उनके प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र में 1,640.902 किलोमीटर सड़क एवं पुलों का निर्माण कराया जा चुका है, जिस पर 1,081 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि कई सड़क एवं पुल परियोजनाएं अभी निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना के फेज-1, 2 एवं 3 (2025-26) के तहत आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों में बेहतर संपर्क व्यवस्था के लिए पलामू जिले में 32 सड़कें और 26 पुल तथा गढ़वा जिले में 42 सड़कें और 10 पुल स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से कई योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज-4 (2026-27) के तहत पलामू जिले में 45 सड़कें (119.825 किमी) और गढ़वा जिले में 101 सड़कें (279.64 किमी) चयनित की गई हैं। इन योजनाओं को ग्रामीण विकास मंत्रालय से जल्द स्वीकृति मिलने की संभावना है। इनके निर्माण से पलामू संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों का आवागमन अधिक सुगम बनेगा।

## राहुल सिंह गिरोह के तीन सदस्य हुए गिरफ्तार



- हथियार व लूटी गई बाइक बरामद, माइंस व क्रशर में आपराधिक वारदात की योजना बना रहे थे आरोपी

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने बानालात स्थित डुगु इंडस्ट्रीज (स्टोन क्रशर) के समीप छापेमारी कर राहुल सिंह गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में भोलानाथ गंझू उर्फ भोला कुमार, विनोद कुमार गंझू और फलीन्द्र गंझू शामिल हैं। इनके पास से एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, चंदवा थाना क्षेत्र से लूटी गई एक होंडा साइन मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन तथा शेष पेज 11 पर

### योग से निरोग जीवन का संकल्प, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में भव्य आयोजन

# स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार है योग : कुशजी पाण्डेय

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** 12वें विश्व योग दिवस के अवसर पर जपला स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में भव्य एवं गरिमामय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय तथा अन्य गणमान्य लोगों ने महर्षि पतंजलि एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। योगाभ्यास के दौरान सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, भुजंगासन सहित विभिन्न आसनों एवं कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी सहित प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। विद्यालय की शिवपुरी कॉलोनी स्थित शाखा में भी प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

**योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य देन है : अवकाशप्राप्त प्रधानाचार्य**

अवकाशप्राप्त प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य देन है, जबकि प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में 494 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया।

### तारा के स्कूली बच्चों व शिक्षकों में योग के प्रति दिखा उत्साह

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के रामबांध पंचायत स्थित तारा गांव के आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिक्षक अभिषेक कुमार ने विभिन्न योग मुद्राओं तथा उनसे होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षकगण, बाल संसद के सदस्य एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

## दृष्टिपात

### योग दिवस पर जलसहियाओं ने दिखाई सक्रियता



**मोहम्मदगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र की कई जलसहियाओं ने महिलाओं और बच्चों को योगाभ्यास कराकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इनमें दुबा गांव की जलसहिया शबनम परवीन विशेष रूप से चर्चा में रहीं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को एकत्रित कर विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया और नियमित योग को निरोग जीवन का आधार बताया। राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय अधौरा में जलसहिया शारदा देवी ने बच्चों और शिक्षकों के साथ योगाभ्यास कराया। वहीं भाली की सरोज एवं कादलकुर्मी की सुनीता देवी ने भी महिलाओं को योग के प्रति जागरूक किया। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने जलसहियाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत के साथ स्वस्थ भारत के निर्माण में उनकी भूमिका अनुकरणीय है।

### गुलाबलचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में मनाया योग दिवस



**छतरपुर (पलामू)।** गुलाबलचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह समेत शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक कृष्णनंदन शर्मा एवं योगेंद्र विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से विभिन्न योगासन कराए तथा उनके लाभों की जानकारी दी। सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। वहीं प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### योग दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया भाग



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रविवार का अवकाश होने के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंचे और उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षक विजय कुमार एवं दशरथ राम ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने योग को निरोग जीवन का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी। इस दौरान शिक्षक राजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, रिजवान साहिब, प्रियहित कुमार सोनी, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, धनंजय कुमार, सोनी कुमारी, सुषमा कुमारी एवं लालमुनि देवी ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### योग से विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव : विधायक

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय लेस्लीगंज मैदान में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि योग भारत की गौरवशाली धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। नियमित योग से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन अनुशासित बनता है। योग शिक्षक संतोष कुमार कश्यप ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम की जानकारी दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

### महाराणा प्रताप चौक शिलान्यास समारोह संपन्न

**छतरपुर (पलामू)।** हाई स्कूल रोड स्थित प्रस्तावित महाराणा प्रताप चौक का शिलान्यास समारोह रविवार को उत्साह, गरिमा और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट (रजि.) छतरपुर-पलामू की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनीश सिंह ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल सिंह, राजन सिंह उर्फ राजेंद्र सिंह, राजेश सिंह उर्फ चुन्नू सिंह एवं कैलाश सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, संरक्षक राजकुमार सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारियों एवं सैकड़ों समाजजनों ने समारोह में भाग लिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान, वीरता और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं। उनके नाम पर बनने वाला चौक नई पीढ़ी को देशभक्ति, साहस और गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा देगा। वक्ताओं ने समाज की एकता और युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### मोहम्मदगंज में योग दिवस की रही धूम



**मोहम्मदगंज (पलामू)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। पतंजलि योगपीठ एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में रेलवे परिसर में आयोजित कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। योग गुरु एवं सेवानिवृत्त शिक्षक कामता प्रसाद मेहता के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम का समापन वैदिक मंगलकामना मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ। इसमें सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### बच्चों में योगाभ्यास को लेकर दिखा उत्साह



**मोहम्मदगंज।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय आशिकनगर परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया तथा नियमित रूप से योग अपनाने का संकल्प लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सहायक आचार्य संतोष कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापक दुर्गा प्रजापति एवं विनोद कुमार मेहता शामिल रहे। योगाभ्यास को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

### उत्साहपूर्वक मनाया गया योग दिवस



**हुसैनाबाद।** डिग्री कॉलेज हुसैनाबाद में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और यह शरीर, मन एवं आत्मा के समन्वित विकास का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान करते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी आवश्यक है। इस अवसर पर प्रोफेसर चंदन कुमार सुमन, टीचिंग असिस्टेंट ज्ञान श्रीवास्तव, कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश सिंह सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### महाविद्यालय में धूमधाम से मना योग दिवस



**पांकी।** स्थानीय मजदूर किसान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं झारखंड प्रगतिशील मंच के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम ने की, जबकि योग गुरु ओमकार पाठक ने योगाभ्यास कराया। प्राचार्य डॉ. राम ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। योग गुरु ओमकार पाठक के निर्देशन में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास किया तथा स्वस्थ और अनुशासित जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक कुमार पाठक एवं डॉ. बंशीधर के नेतृत्व में किया गया।

### स्वस्थ जीवन के संदेश के साथ आयोजित हुए योग शिविर

**हरिहरगंज (पलामू)।** 12वें विश्व योग दिवस के अवसर पर हरिहरगंज प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। सीता प्लस टू उच्च विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तथा कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सहित कई संस्थानों में अधिकारियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार के निर्देशन में प्रतिभागियों ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और इसके नियमित अभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इस अवसर पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया।

### योग दिवस पर पांकी में योग शिविर, प्रमुख व थाना प्रभारी ने किया योगाभ्यास

**पांकी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत संस्थान की ओर से जरही चौक स्थित जेकेडीपीएस स्कूल परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य राजन कुमार ने ताड़ासन, वज्रासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है और इसके नियमित अभ्यास से शरीर निरोग रहता है। इस अवसर पर उपप्रमुख अमित चौहान, सांसद प्रतिनिधि अक्षय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर ऑटो चालकों के साथ प्रशासन की बैठक

- बाजार में जाम से निजात के लिए तय किए गए नए रूट और पड़ाव स्थल

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** बाजार क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या और आम लोगों की सुविधा को देखते हुए रविवार को सिंचाई विभाग मैदान में ऑटो चालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ऑटो परिचालन के लिए नए रूट और पड़ाव स्थल निर्धारित किए गए। प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित चौहान एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने ऑटो चालकों को निर्धारित रूट का पालन करने का निर्देश दिया। निर्णय के अनुसार ताल क्षेत्र से आने वाले ऑटो थाना रोड होते हुए अस्पताल के पीछे स्थित बकरी बाजार में खड़े होंगे, जबकि लोहरसी रोड से आने वाले ऑटो बंधन बैंक के समीप और डाल्टनगंज की ओर से आने वाले वाहन लालू मैदान में पड़ाव लगाएंगे। प्रशासन ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऑटो चालकों ने भी यातायात व्यवस्था सुधार में सहयोग का भरोसा दिया।

# गहरा गड्ढा बन सकता है हादसे की वजह, ग्रामीणों ने जताई चिंता

**सड़क बनी लेकिन सुरक्षा इंतजाम नहीं, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

नवीन मेल संवाददाता



**तरहसी (पलामू)।** गोगदा सैरेडीह गांव से पदमा-बेदानी मुख्य पथ को जोड़ने वाली सड़क पर निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आई है। सड़क का कालीकरण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन निर्माण के दौरान बना गहरा गड्ढा अब भी जस का तस पड़ा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है। रात के समय और बारिश के मौसम में यह गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अविलंब गड्ढे की भराई कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि विकास कार्यों में लापरवाही कर लोगों की जान जोखिम में डालना स्वीकार्य नहीं है।

### विधायक की पहल से 10 दिन बाद करीमनडीह में लौटी बिजली

**हैदरनगर।** मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह गांव में जले ट्रांसफार्मर के कारण पिछले दस दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित थी। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या से क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव को अवगत कराए जाने के बाद उनकी पहल पर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। राजद प्रदेश महासचिव मो. रिजवान खान, पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान, कमलेश विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि समय पर पहल से गांव को बिजली संकट से राहत मिली है।

### आद्रा नक्षत्र का आध्यात्मिक ज्योतिषीय और कृषि क्षेत्र में विशेष महत्व

**हैदरनगर।** ज्योतिषीय गणना के अनुसार वर्ष 2026 में 22 जून सोमवार को दोपहर 12:31 बजे सूर्य मृगशिरा नक्षत्र से निकलकर आद्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और छह जुलाई तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। इस संबंध में आयोजित चर्चा में वयोवृद्ध पंडित कुंडल तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म में आद्रा नक्षत्र का विशेष आध्यात्मिक, ज्योतिषीय और कृषि महत्व है। उन्होंने कहा कि आद्रा नक्षत्र के स्वामी भगवान रुद्र हैं और इस दौरान भगवान शिव की पूजा, जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक का विशेष महत्व माना गया है। स्थानीय परंपराओं के अनुसार लोग खीर, पूड़ी, आम और जामुन का भोग लगाकर भगवान शिव एवं इंद्रदेव से अच्छी वर्षा की कामना करते हैं।

# आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन ने अनुमंडल के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

- प्रतिभा समारोह में इंटर व मैट्रिक के टॉपरों को प्रशस्ति पत्र व शिक्षण सामग्री प्रदान की गई

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को खादी ग्रामोद्योग के निकट उदयनाथ विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स परिसर में अनुमंडल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अंगद किशोर तथा संचालन कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य उपाधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस.के. रवि एवं भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती एवं आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अंगद किशोर और सचिव अधिवक्ता आलोक कुमार ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पंच मंदिर सरोवर पार्क के विकास के लिए मंदिर समिति को 15 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। इसके बाद इंटर एवं मैट्रिक के टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शिक्षण किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिभागियों के बीच फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. रवि ने कहा कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति ईमानदारी आवश्यक है। वहीं विशिष्ट अतिथि संजय कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को संघर्ष और आत्मविश्वास के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बारिश की बेरुखी से बढ़ी किसानों की चिंता

# मई में 64 मिमी वर्षा, जून में अब तक एक बूंद भी नहीं

- खरीफ और भदई फसलों पर संकट के बादल

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में बारिश की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मई माह में 64 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि जून में अब तक एक भी दिन बारिश नहीं हुई है। ऐसे में खरीफ और भदई फसलों के उत्पादन को लेकर किसानों में चिंता गहराने लगी है। किसानों का कहना है कि सोमवार से आर्द्रा नक्षत्र की शुरुआत हो रही है, लेकिन अभी तक पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। उनका मानना है कि यदि आर्द्रा नक्षत्र के दौरान भी अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती पर गंभीर असर पड़ सकता है। ग्रामीणों के बीच प्रचलित कहावत 'आवत आदर दियो नहीं, जात न दियो हस्त, ऐसे में दोनों गए पाहुन व गृहस्थ' का उल्लेख करते हुए किसानों ने बताया कि समय पर वर्षा नहीं होने से किसान और आम जनजीवन दोनों प्रभावित होते हैं। आर्द्रा नक्षत्र के दौरान भी कृषि के अनुकूल बारिश की उम्मीद कम दिखाई दे रही है। जानकारों का कहना है कि जिले में छिटपुट वर्षा, अतिवृष्टि और अनावृष्टि जैसी स्थितियां अक्सर बनती रही हैं। यदि जल्द पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो कृषि पर निर्भर बड़ी आबादी के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो सकता है और क्षेत्र को एक बार फिर सुखाड़ की मार झेलनी पड़ सकती है।

**आज के तापमान में मामूली गिरावट के संकेत**

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आसमान में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन वर्षा नहीं हुई। सोमवार को तापमान में मामूली गिरावट के संकेत हैं, जबकि मंगलवार और बुधवार को धूप और साफ मौसम रहने की संभावना जताई गई है।

### योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर : सुधीर कुमार सिंह

**हैदरनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों, विद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। थाना परिसर में थाना प्रभारी तंजीलुल मनन्ना के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया, जबकि प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने योग के महत्व को आत्मसात किया। बिलासपुर गांव स्थित शीतल दुग्ध संग्रह केंद्र परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मेगा योग शिविर, सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

● लायंस क्लब, चैंबर ऑफ कॉमर्स और पतंजलि परिवार के संयुक्त आयोजन में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगा

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर, मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं पतंजलि परिवार के संयुक्त तत्वावधान में शाहपुर-बिरसानगर स्थित ग्रेटर एसएलए पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य मेगा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रवीश कुमार सिन्हा ने कहा कि सामूहिक योग से सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक शक्ति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में बेहतर योगदान दे सकता है।

योगाभ्यास का संचालन पतंजलि परिवार की प्रशिक्षिका ममता शरण एवं आशा अग्रवाल ने कराया। वहीं लायंस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का आधार है तथा नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ तन-मन का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम के दौरान सादिक चौक स्थित श्रेया लैब (डॉ. लाल पैथ लैब) के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम एवं रक्तचाप की जांच की गई। साथ ही प्रतिभागियों के बीच योग मैट का वितरण भी किया गया।

शिविर के सफल आयोजन में जनार्दन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल तथा समीर गुप्ता (आईपीसीए लैब लिमिटेड) ने सहयोग किया। उपस्थित लोगों को स्वास्थ्यवर्धक जलपान भी उपलब्ध कराया गया।

डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि प्रत्येक रविवार सुबह छह बजे निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के बेसमेंट में पतंजलि परिवार के प्रभारी राजीव शरण के मार्गदर्शन में नियमित योग सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इसमें शामिल होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। वक्ताओं ने कहा कि मोबाइल और इंडोर गेम्स के बढ़ते प्रभाव से शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं, ऐसे में योग स्वस्थ जीवन के लिए सबसे प्रभावी माध्यम है।

इस अवसर पर लिली मिश्रा, प्रियंका आनंद साहू, रीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, मधु अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, प्रवीण कुमार, विजय प्रसाद, विक्रम कुमार, श्रीकांत कुमार, वरुण कुमार, पवन कुमार, आनंद वर्धन, अश्विनी आनंद, आनंद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संकेत गुप्ता, वैभव अग्रवाल, जनार्दन अग्रवाल, ऋषिकेश दुबे, डॉ. अमित कुमार एवं रंजीत कुमार मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मायरा न्यूरो क्लिनिक में पारस हॉस्पिटल और स्माइल ट्रेन की टीम ने की जांच



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने शहर स्थित मायरा न्यूरो क्लिनिक में आयोजित निःशुल्क जांच शिविर को जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि रांची स्थित पारस हॉस्पिटल और स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा होंठ एवं तालू कटे बच्चों के लिए चलाया जा रहा उपचार अभियान जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

शिविर में चिकित्सक डॉ. सोम रंजन पाठक ने अपनी टीम के साथ पलामू के विभिन्न क्षेत्रों से आए मरीजों की जांच की तथा अभिभावकों को उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी दी। बताया गया कि चयनित मरीजों का रांची स्थित पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क इलाज किया जाता है, जिसमें ऑपरेशन, दवा, आवास, भोजन एवं आने-जाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

अविनाश वर्मा ने इस पहल के लिए पारस हॉस्पिटल, स्माइल ट्रेन संस्था तथा मायरा न्यूरो क्लिनिक के संचालक डॉ. रविश कुमार सिन्हा के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सेवाएं गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि अब तक कई मरीज सफल उपचार के बाद सामान्य जीवन जी रहे हैं।

# 26 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस

● वीर नारियों और पूर्व सैनिकों का होगा सम्मान, विभिन्न मुद्दों पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने बनाई रणनीति



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू की बैठक रविवार को राजा भाऊ स्मृति संघ भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र ने की, जबकि संचालन जिला सचिव ओम प्रकाश दुबे ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा।

बैठक में तय किया गया कि समारोह के दौरान वीर नारियों एवं वीर सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

बैठक में पूर्व सैनिकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला सैनिक बोर्ड एवं सैनिक आरामगाह की स्थापना में हो रही देरी, सीएसडी कैंटीन की सुविधा, राज्य सरकार की नौकरियों में पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण तथा नगर निगम क्षेत्र में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों को होल्डिंग टैक्स में छूट जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही इन मुद्दों के समाधान के लिए आगे की रणनीति बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष गयानंद पांडेय, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, अशोक कुमार दुबे, पी.के. मिश्र, कामाख्या नारायण सिंह, ब्रज किशोर मेहता, रविभूषण सिंह, संकेत कुमार तिवारी, धीरज कुमार, प्रेमशंकर, अमित तिवारी, पंकज तिवारी, राकेश कुमार सिंह, प्रेमचंद शुक्ल, बैजनाथ पाल, प्रदीप कुमार, उमेश कुमार उपाध्याय, के.पी. सिंह, विशाल कुमार सिंह, राजीव कुमार दुबे, कमलेश तिवारी, नागेंद्र दुबे, ब्रिज बिहारी सिंह, हीरा सिंह, सतीश तिवारी, विशाल सिंह, दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मेदिनीनगर में आक्रोश रैली

● राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने उठाई सीबीआई जांच की मांग, न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बिहार में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के बैनर तले मेदिनीनगर में आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

रैली की शुरुआत संगठन के प्रदेश कार्यालय से हुई। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भरत तिवारी को न्याय दिलाने और मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में युवा हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चंद्रशेखर आजाद चौक, रेड़मा पहुंचे। रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार से मामले की सीबीआई जांच कराने, पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें हरसंभव सहायता देने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा और आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

आक्रोश रैली को सनातन धर्म सभा, रक्षा सूत्र परिवार सहित कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का समर्थन मिला। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि न्याय और पारदर्शिता की मांग को लेकर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाने का अधिकार है और इसी अधिकार के तहत यह आंदोलन किया जा रहा है।

रैली के समापन पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में भरत तिवारी को न्याय दिलाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि जब तक निष्पक्ष जांच सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर प्रदेश संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष अनील दुबे, सुशील तिवारी, राजीव रंजन पांडेय, सुनील पांडेय, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, महासचिव रामप्रकाश तिवारी, पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रुद्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष मनीष ओझा समेत बड़ी संख्या में युवा वाहिनी के सदस्य उपस्थित थे।

# योग दिवस पर महिला योग प्रशिक्षिका सीमा सहाय सम्मानित

● उपायुक्त डॉ. दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को शिवाजी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए महिला योग प्रशिक्षिका सीमा सहाय को सम्मानित किया गया। पलामू के उपायुक्त डॉ. दिलीप सिंह शेखावत ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

सीमा सहाय जिला संयुक्त औषधालय सह आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष, मेदिनीनगर में योग प्रशिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। योग के प्रचार-प्रसार और नियमित प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग की ओर से यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे जन-जन तक पहुंचाने में योग प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सक, योग प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

## समता स्कूल परिसर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन-चैन मोहल्ला एवं जपला-छतरपुर रोड स्थित धरहरा नहर मोड़ के समीप समता स्कूल परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए योग के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है और मन को शांति मिलती है। उन्होंने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

# योग दुनिया को भारतीय ऋषि परंपरा की अमूल्य देन : परशुराम तिवारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, योग की नोडल शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, लैब इंस्ट्रक्टर अनूप कुमार मिश्रा तथा योग क्लब के बाल सदस्यों के नेतृत्व में योग संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' हमें दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि योग का संबंध भगवान शिव से माना जाता है, जिन्हें आदियोगी कहा जाता है। महर्षि पतंजलि ने योग को व्यवस्थित स्वरूप देकर वैज्ञानिक आधार प्रदान किया, जिसके कारण आज पूरी दुनिया योग को स्वस्थ जीवन के प्रभावी माध्यम के रूप में स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे बैरांव के ग्रामीण



● लाखों रुपये निकासी के बावजूद बंद पड़ी हैं जल मीनारें, आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भीषण गर्मी के बीच हुसैनाबाद प्रखंड की बैरांव पंचायत में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। झुमरी चौक और देवी मंदिर के समीप स्थापित जल मीनारें तथा हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत फंड से लाखों रुपये की निकासी के बावजूद जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई। कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत सेवक को लिखित एवं मौखिक शिकायत देने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों का कहना है कि टाइड एवं अनटाइड मद से करीब 20 लाख रुपये निकाले जाने के बावजूद बुनियादी सुविधा बहाल नहीं की गई है। इससे पंचायत के वित्तीय खर्च और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जल मीनारों एवं हैंडपंप की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे प्रखंड कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## मासिक जेल लोक अदालत में दो बंदियों को मिली रिहाई

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) शेषनाथ सिंह के निर्देश पर रविवार को मंडल कारा, लातेहार में मासिक जेल लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे एवं शमनीय मामलों का त्वरित निष्पादन कर बंदियों को न्यायिक राहत प्रदान करना था। लोक अदालत में मुख्य अतिथि के रूप में सीजेएम सह प्रभारी सचिव डीएलएसए विक्रम आनंद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीजेएम कुमारी जीव उपस्थित रहीं। सुनवाई के दौरान चंदवा थाना क्षेत्र से जुड़े एक मामले में बंद दो बंदियों को कानूनी प्रावधानों के तहत तत्काल रिहा करने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में विक्रम आनंद ने कहा कि जेल केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार गृह है। उन्होंने बंदियों से रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, संवैधानिक अधिकारों और न्यायिक प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गई।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश

● स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पलामू जिला व्यवहार न्यायालय परिसर सहित केंद्रीय कारा, संप्रेषण गृह एवं वात्सल्यधाम में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस दौरान लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

पलामू जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित भव्य योग कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में न्यायिक पदाधिकारियों एवं न्यायालय कर्मियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने कहा कि योग करें और निरोग रहें। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव से मुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी लोगों से प्रशिक्षकों द्वारा बताए गए योगाभ्यास को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजीव कुमार दास, एडीजे अखिलेश कुमार, राजकुमार मिश्रा, स्वेता ढींगरा, आयशा खान, ज्योति शील, आभाष कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, सुशीला सोरेंग, डालसा सचिव राकेश रंजन, रविशंकर पांडेय, शंभू महतो, सौरभ कुमार गौतम, सोनम बिश्नोई, गौरव खुराना, कमल प्रकाश, निर्भय प्रकाश, प्रज्ञेष निगम, रोजलिना बारा, रश्मि चंदेल सहित बड़ी संख्या में न्यायिक पदाधिकारी एवं न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

वहीं, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश तथा पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के मार्गदर्शन में केंद्रीय कारा, संप्रेषण गृह एवं वात्सल्यधाम में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं की उपस्थिति में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि योग तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इसके अलावा केंद्रीय कारा, संप्रेषण गृह एवं वात्सल्यधाम में झालसा की ओर से ऑनलाइन माध्यम से भी योगाभ्यास कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया।

## दृष्टिपात

### सिविल कोर्ट में योग महोत्सव का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** पतंजलि योग समिति की ओर से रविवार को सिविल कोर्ट नगर ऊंटारी परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीजे-1 एसके सिंह, विधिक सेवा समिति के सचिव आलोक ओझा, एडीजे-2 एमके शर्मा, सिविल जज रवि भास्कर, न्यायिक दंडाधिकारी शैलेन्द्र कुमार नापित एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ब्रजेश चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एडीजे-1 एसके सिंह ने कहा कि योगमय जीवनशैली व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु बनाती है। एडीजे-2 एमके शर्मा ने योग को आत्मा और परमात्मा के बीच का सशक्त माध्यम बताया। वहीं, आलोक ओझा ने योग दिवस को अमृत दिवस की संज्ञा देते हुए नियमित प्राणायाम अपनाने का संदेश दिया। पतंजलि के जिला प्रभारी शैलेश कुमार शुक्ल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पंकज कुमार चौबे और सत्येंद्र कुमार की अहम भूमिका रही। अंत में शांति पाठ और वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ शिविर का समापन हुआ।

### विद्यालयों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**भंडरिया।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी विद्यालयों में 'योगमय झारखंड' अभियान के तहत सुबह सात से नौ बजे तक योगाभ्यास कराया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय भंडरिया में योग शिक्षक सुनील कुमार सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय भंडरिया में मंजू कुजूर एवं अमित कुमार सिन्हा तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका में शिक्षक नितेश कुमार वर्मा ने योग सत्र का संचालन किया। नितेश कुमार वर्मा ने बताया कि आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ा जा सकता है।

### विद्यालयों में भाजपाइयों ने किया योगाभ्यास

**खरौंधी (गढ़वा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को प्रखंड के सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए गए। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए नियमित अभ्यास पर बल दिया। योग प्रशिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, कपालभाति एवं अनुलोम-विलोम सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष उपेंद्र दास के नेतृत्व में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। सभी ने 'योग करें, निरोग रहें' का संकल्प दोहराया।

### योग दिवस पर थाना परिसर में हुआ योगाभ्यास

**खरौंधी (गढ़वा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को खरौंधी थाना परिसर में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। थाना प्रभारी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि तनावपूर्ण जीवनशैली के दौर में योग स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति का अभ्यास किया तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया।

### डीएवी स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**मेराल।** डीएवी लीला वचन पब्लिक स्कूल, लातदाग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन जीने की कला है। वर्तमान समय की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग शारीरिक और मानसिक मजबूती प्रदान करता है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर रिजवान अंसारी, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, अनूप कुमार, पवन कुमार, शमा परवीन, प्रियंका कुमारी समेत अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास

**मेराल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति प्रखंड इकाई एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मेराल हाई स्कूल मैदान में भव्य सामूहिक योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, योग शिक्षिका सुषमा कुशवाहा, थाना प्रभारी विष्णुकांत, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग शिक्षिका सुषमा कुशवाहा ने सभी को योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि योग ऐसा अमृत है, जो व्यक्ति को अस्पताल के बेड तक जाने से बचा सकता है। विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने कहा कि यदि लोग योग के लिए समय नहीं निकालेंगे तो भविष्य में इलाज के लिए अस्पताल में समय देना पड़ेगा। वहीं थाना प्रभारी विष्णुकांत ने स्वास्थ्य लाभों के साथ-साथ साइबर अपराध से बचाव के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नियमित योगाभ्यास करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### योगाभ्यास कर मनाया गया योग दिवस

**रमना।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य सरकार के निर्देशानुसार पूर्व से ही विद्यालयों में योगाभ्यास कराया जा रहा था, ताकि विद्यार्थी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ जीवन अपना सकें। राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक नंद किशोर चौबे ने कहा कि महर्षि पतंजलि ने योग के सिद्धांतों को संकलित कर मानव समाज को निरोग जीवन का अनमोल उपहार दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गढ़वा में उमड़ा जनसैलाब, हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

# जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में फुटबॉल स्टेडियम, गढ़वा में जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस एवं सीआरपीएफ जवानों, स्कूली बच्चों, समाजसेवियों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा, सीआरपीएफ कमांडेंट अजय कुमार वर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी (दक्षिणी) ई.बी. अब्राहम, अपर समाहर्ता विकास कुमार राय, जिला परिषद अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पतंजलि योग समिति के योग गुरु सुशील केशरी एवं अन्य प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन समेत विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के समापन पर योग प्रशिक्षक सुचिता कुमारी, संतोष पांडे और चिकित्सक डॉ. जयंत कुमार गौरव को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



**योग भारत की प्राचीन धरोहर है : उपायुक्त**

उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।

### रंका के विद्यालयों में बच्चों ने सीखे योग के गुर

**रंका।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को रंका प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह सात से नौ बजे तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। योग शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, वज्रासन, मयूरासन सहित विभिन्न योगासन एवं कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया। शिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता और स्मरण शक्ति में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**चिनिया।** आगामी मोहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर शनिवार को चिनिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विकु कुमार रजक ने की, जबकि रंका अनुमंडल पुलिस इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा एवं अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम जुलूस में डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा ताजिया एवं झंडों की ऊंचाई 13 फीट से अधिक नहीं होगी। जुलूस में बजाए जाने वाले गीतों की सूची और पेन ड्राइव पूर्व में थाना को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

## सीजीएल परीक्षा में पास कराने के नाम पर 10 लाख की ठगी, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** झारखंड सीजीएल परीक्षा में सफलता दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में मेदिनीनगर निवासी संतोष साह ने भवनाथपुर थाना में केतार थाना क्षेत्र निवासी गुप्तेश्वर प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार, गुप्तेश्वर प्रसाद ने सीजीएल परीक्षा में पास कराने और नौकरी दिलाने का भरोसा देकर 10 लाख रुपये लिए थे। पीड़ित ने विभिन्न माध्यमों से रकम का भुगतान किया, लेकिन परीक्षा परिणाम आने के बाद उसका चयन नहीं हुआ। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने टालमटोल की और बाद में जान से मारने की धमकी देकर रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की सत्यता और लेन-देन से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू घर-घर जाकर होगा मतदाता सत्यापन

**30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ करेंगे सर्वे**

- 7 अक्टूबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान जिले में शुरू किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने सभी निर्वाचन अधिकारियों, बीएलओ एवं संबंधित कर्मियों को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से अभियान संचालित करने का निर्देश दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर पूर्व-भरे गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण करेंगे। प्रत्येक घर का कम से कम तीन बार भ्रमण करना अनिवार्य होगा, ताकि कोई पात्र मतदाता छूट न जाए। पांच अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी तथा सात अक्टूबर को अंतिम सूची जारी होगी। उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए त्रुटिरहित मतदाता सूची आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## त्योहार के दौरान अशांति फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएसपी

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** मोहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर रविवार को पुलिस उपाधीक्षक दिलु लोहार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और क्षेत्रीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। डीएसपी दिलु लोहार ने कहा कि प्रशासन सभी को हरसंभव सहयोग देगा, लेकिन त्योहार के दौरान अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने ताजिया समितियों से वालंटियरों की सूची थाने में उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, ताजिया कमेटी के सदस्यों एवं विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया।

### एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन में बच्चों ने सीखे योग के संस्कार

**मेराल।** एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन, मेराल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए पद्मासन, योगासन, ईश्वर प्राणिधान एवं चक्र शोधन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का आधार है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से आत्मनियंत्रण और सकारात्मक सोच का विकास होता है तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को योग अपनाना चाहिए।

## मटकोड़वा रस्म रोकने को लेकर कुंभी गांव में विवाद

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के कुंभी गांव में धार्मिक स्थल पर मटकोड़वा रस्म रोकने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। चौधरी टोला के ग्रामीणों ने रविवार को थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। आवेदन के अनुसार पप्पू चौधरी की पुत्री की शादी 22 जून को होनी है। मटकोड़वा की रस्म के लिए बैगा गोवर्धन सिंह को सूचना दी गई, लेकिन उन्होंने रेलवे लाइन के दक्षिण स्थित चौधरी टोला के लोगों को फिलहाल रस्म करने से मना कर दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने थाना में आवेदन देकर धार्मिक स्थल को बहाल करने की मांग की है। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रदीप सिंह ने बताया कि रेलवे अंडरपास निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद के कारण कई टोला के लोगों ने सामूहिक कार्यों पर रोक लगाने का निर्णय लिया है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम सेवा परियोजना ने चलाया जागरूकता अभियान

**रमना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन से संपोषित एवं केजीवीके द्वारा संचालित ग्राम सेवा परियोजना की ओर से मांदोहर गांव स्थित युवा प्रशिक्षण केंद्र मैदान में योग जागरूकता एवं अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला, पुरुष और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। परियोजना के प्रतिनिधि मुकेश तिवारी एवं प्रेम सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया।

## 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम पर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में कार्मिक विभाग की ओर से मंडल मुख्यालय स्थित बाकले अधिकारी क्लब में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के साथ किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीणा मुख्य अतिथि तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। योग प्रशिक्षक राजेश योगी और लिली मजूमदार के मार्गदर्शन में अधिकारियों, कर्मचारियों और महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीणा ने कहा कि बढ़ते स्क्रीन टाइम और व्यस्त जीवनशैली के कारण तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में योग शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का सरल एवं प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## कार्यकर्ता मिलन समारोह में महेश यादव ने पंचायत समिति सदस्य पद से चुनाव लड़ने की घोषणा की

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** पांकी विधायक के विधायक प्रतिनिधि सह सोशल मीडिया प्रभारी महेश यादव ने रविवार को धावाडीह पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। पलामू किला स्थित औरंगा नदी तट पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। बैठक के दौरान महेश यादव ने आगामी पंचायत चुनाव में धावाडीह पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और ग्रामीणों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से उन्होंने चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और पंचायत के प्रत्येक गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं से अवगत होने का आह्वान किया। महेश यादव ने कहा कि जनता का विश्वास और कार्यकर्ताओं का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।उनकी घोषणा के बाद समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया और आगामी चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंचायत के विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में उपमुखिया मुधीर साहू, विकास यादव, संतोष भगत, उमेश भगत, सांसद प्रतिनिधि चंचल यादव, अनुज चंद्रवंशी तथा भोजपुरी गायक दिनेश मोहक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विश्व योग दिवस पर चिनिया थाना और बरवाडीह पिकेट में योग की गूंज

चिनिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चिनिया थाना परिसर एवं बरवाडीह पिकेट में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। थाना प्रभारी विकु कुमार रजक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ कार्यकुशलता को भी बढ़ाता है। उन्होंने सभी लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में काशिद हुसैन, ओम प्रकाश कुमार, संतोष कुमार, बब्बन टुडू, सुखराव उरांव सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### री - नीट 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, 1,066 परीक्षार्थी हुए शामिल

# उपायुक्त व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, व्यवस्था पर जताया संतोष

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में आयोजित री - नीट 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने सभी परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के राजकीयकृत गोविंद +2 उच्च विद्यालय, श्री सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज तथा केंद्रीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। तीनों केंद्रों पर कुल 1,148 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1,066 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 82 अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया एवं परीक्षार्थियों की सुविधाओं का अवलोकन किया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संचालित होती मिली। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा संचालन में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए अभिभावकों और परीक्षार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## योग दिवस पर सतबरवा में उमड़ा जनसैलाब, स्वस्थ जीवन दिया का संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सतबरवा में योग और स्वास्थ्य के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला। पतंजलि योग समिति एवं पतंजलि महिला योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मैदान में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मणिका के पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह एवं जिला परिषद सदस्या सुधा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समिति के सदस्यों ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रखंड प्रभारी वीरेंद्र साहू ने स्वागत भाषण में योग को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया। मुख्य अतिथि हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने में योग ऋषि स्वामी रामदेव के योगदान की भी सराहना की।

### अरसली उत्तरी दुर्गा मंदिर कमेटी को मिला नया अध्यक्ष

**भवनाथपुर।** प्रखंड की अरसली उत्तरी पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर कमेटी की बैठक रविवार को जयराम पासवान की अध्यक्षता एवं शिवकुमार विश्वकर्मा के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए नए अध्यक्ष का चयन था। पूर्व अध्यक्ष मिथिलेश चौरसिया के इस्तीफे के बाद यह पद रिक्त हो गया था। इस पर विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से उदय राम को कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया।

# सड़क हादसा में दो की मौत, महिला गंभीर

- शादी समारोह से लौट रहे लोगों की गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में गिरी, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता




**बरवाडीह।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड़ पिकेट के समीप रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतकों की पहचान चहल चुंगरु निवासी कन्हाई सिंह और पृथिया सिंह के रूप में हुई है, जबकि घायल महिला मनतोरवा देवी का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, कन्हाई सिंह अपने दामाद अनुज सिंह के घर केड़ स्थित चुटीखाड़ में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। इसी दौरान केड़ पिकेट से पहले एक मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरा।

हादसा इतना भीषण था कि कन्हाई सिंह और पृथिया सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनतोरवा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही छिपादोहर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## कोटाम के पास वाहन पलटने से 12 लोग घायल

**लातेहार।** गारू थाना क्षेत्र के कोटाम के समीप शनिवार देर रात एक सवारी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार 12 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार गंभीर घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया। बताया गया कि सभी लोग टांगीनाथ से अपने गांव तरवाडीह लौट रहे थे। हादसे के बाद कांग्रेस नेता आफताब आलम और पंकज तिवारी समेत स्थानीय लोगों ने राहत कार्य में सहयोग किया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरा घायल



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर हिसरी पेट्रोल पंप के समीप रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार बाइक अचानक सड़क पर आए एक मवेशी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी सोनू लोहरा (22) और आशीष कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सोनू लोहरा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल आशीष कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ के मुखिया नरेश लोहरा अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नीट यूजी-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 161 अभ्यर्थी हुए शामिल

- उपायुक्त और एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण, पारदर्शी व्यवस्था पर जताया संतोष

**लातेहार।** जिले में आयोजित नीट यूजी-2026 परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया था। कुल 178 अभ्यर्थियों में से 161 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 17 अनुपस्थित रहे। उपायुक्त संदीप कुमार एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने केंद्राधीक्षक, परीक्षा कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मौके पर अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, एसडीओ दिनेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# किसान के बेटे ने रचा सफलता का इतिहास 70वीं बीपीएससी में बने कल्याण पदाधिकारी

- हंटरगंज के डाटम गांव के कन्हैया कुमार की सफलता से क्षेत्र में खुशी, युवाओं के लिए बने प्रेरणास्रोत

नवीन मेल संवाददाता



**हंटरगंज (चतरा)।** मेहनत, लगन और मजबूत इरादों के दम पर हंटरगंज प्रखंड के डाटम गांव के युवा कन्हैया कुमार ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता हासिल कर कल्याण पदाधिकारी का पद प्राप्त किया है। एक साधारण किसान परिवार से निकलकर मिली इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे चतरा जिले को गौरवान्वित किया है। कन्हैया कुमार की सफलता की खबर मिलते ही डाटम गांव समेत पूरे हंटरगंज क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, शुभचिंतकों और मित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद कन्हैया ने जो मुकाम हासिल किया है, वह ग्रामीण परिवेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। कन्हैया के पिता एक साधारण किसान हैं, जो खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और कन्हैया ने भी अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हंटरगंज पब्लिक स्कूल से प्राप्त की, जबकि आगे की पढ़ाई सैनिक स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने लगातार मेहनत और अनुशासित तैयारी के बल पर बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की। अपनी उपलब्धि पर कन्हैया कुमार ने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने के लिए अनुशासन, धैर्य और नियमित अध्ययन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और ईमानदारी से मेहनत की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। कन्हैया कुमार की संघर्षपूर्ण यात्रा यह साबित करती है कि मजबूत संकल्प और अथक परिश्रम के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। उनकी सफलता ने जिले के युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया है।

# 90 लाख की लागत से दो पीसीसी सड़कों का भूमिपूजन

**बरवाडीह।** क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह और जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी ने रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोड़कर दो महत्वपूर्ण पीसीसी सड़क योजनाओं का भूमिपूजन किया। डीएमएफटी मद से लगभग 90 लाख रुपये की लागत से छेंचा पंचायत के पियाह टोला तथा प्रखंड मुख्यालय पंचायत के अहिरपुरवा श्मशान घाट से मस्जिद तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। पियाह टोला में लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। योजना की स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में आवागमन काफी कठिन हो जाता था, लेकिन सड़क बनने के बाद लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण मार्गों का निर्माण कर विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। मौके पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, थाना प्रभारी अनुराग कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, नसीम अंसारी, विजय बहादुर सिंह, अनिल कुमार सिंह, शिवानंद तिवारी, रविंद्र राम, नरेश यादव, प्रिंस कुमार गुप्ता, शमसूल अंसारी, अनवर अंसारी, मुन्ना सिंह, राणा प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

**बारियातू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर थाना परिसर में थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिसकर्मियों का कार्य चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण होता है। ऐसे में योग शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया योग दिवस

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बंशी यादव ने की, जबकि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला मंत्री एवं योग कार्यक्रम संयोजक मुकेश पांडेय ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। वहीं जिलाध्यक्ष बंशी यादव ने कार्यकर्ताओं से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राकेश दुबे, अनिल सिंह, छोटू राजा, ध्रुव पांडेय, आशा बेग, विष्णु प्रसाद गुप्ता, रानी कुमारी, रघुवीर यादव, अर्पणा सिंह, संजय दुबे, अशोक यादव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महुआडांड़ प्रखंड परिसर में योग शिविर आयोजित

**महुआडांड़ (लातेहार)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को महुआडांड़ प्रखंड परिसर में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा योग के महत्व को समझा। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। सभी ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन तथा अनुलोम-विलोम सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास तनाव, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। उन्होंने सभी से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में कर्मियों ने प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## विद्यालयों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**कुंदा (चतरा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार की सुबह कुंदा प्रखंड योगमय नजर आया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह और प्लस टू उच्च विद्यालय कुंदा सहित विभिन्न संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक अमलेश कुमार यादव ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और तनाव जैसी बीमारियों से बचाव संभव है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, प्रदीप कुमार, शिक्षक अजय यादव, संतोष यादव, विजय गुप्ता, पंकज कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## योग दिवस पर चंदवा में गूंजा स्वस्थ जीवन का संदेश

**चंदवा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को चंदवा के विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यालय परिसर, थाना परिसर, प्लस टू उच्च विद्यालय, ग्रीन फील्ड एकेडमी, क्रिएटिव एकेडमी समेत कई संस्थानों में लोगों ने उत्साहपूर्वक योग किया। योग शिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को जोड़ने वाली समग्र जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति तनावमुक्त और संतुलित जीवन जी सकता है। इस दौरान विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम की जानकारी दी गई तथा लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की गई।

## सरकारी और निजी संस्थानों में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम पर अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वन क्षेत्र कार्यालय, थाना परिसर, सीसीएल तथा एनटीपीसी परियोजना परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। एनटीपीसी परियोजना प्रमुख आलोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि निरोग और स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए नियमित योगाभ्यास तथा संतुलित जीवनशैली आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक मजबूती का सबसे प्रभावी माध्यम योग है।

एनटीपीसी परिसर में प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, ध्यान तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में वसुंधरा लेडीज क्लब की अध्यक्षा ज्योत्स्ना त्रिपाठी, एचआर प्रमुख नीरज रॉय सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बालूमाथ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

**बालूमाथ।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से सटे जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लेते हुए योगाभ्यास किया और स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, बीडीओ सोमा उरांव, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुशवाहा, वन विभाग के पदाधिकारी अनूप कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह तथा योग प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद प्रतिभागियों ने करीब डेढ़ घंटे तक कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, योगिक जॉगिंग एवं मर्कटासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने योग को तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। शिविर में बालूमाथ किड्स स्कूल, एंजेल पब्लिक स्कूल, कैथोलिक एकेडमी, दिवाकर नगर प्राथमिक विद्यालय, गुरुकुल एकेडमी, विद्या कोचिंग सेंटर, बीडीएस क्लासेस, दून सेंट्रल पब्लिक स्कूल और बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बबलू चौरसिया, अजीत कुमार, सुरेंद्र गुप्ता, शशिभूषण गुप्ता, मुन्ना वर्मा, लालदेव गंझू सहित कई लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लातेहार में सामूहिक योगाभ्यास, उपायुक्त ने दिलाया नियमित योग का संकल्प

- टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग- योग संगम, एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम के तहत जिला प्रशासन के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद एवं अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न अंग है तथा इसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच को भी मजबूत करता है। योग प्रशिक्षक पप्पू महतो एवं सुनीता गुप्ता ने प्रतिभागियों को कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन सहित विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## व्यवहार न्यायालय में योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**लातेहार।** उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) शेष नाथ सिंह के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायालय कर्मियों और पारा लीगल वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। योगाचार्य द्वारिका प्रसाद के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस दौरान शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संदेश दिया गया। अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक दिशा देने वाली प्राचीन भारतीय विधा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 15 से 20 मिनट का योग तनाव और मानसिक दबाव को कम कर आत्मविश्वास बढ़ाता है तथा शरीर, मन, मस्तिष्क, आत्मा और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करता है। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सुनील दत्त द्विवेदी, सीजेएम विक्रम आनंद, एसीजेएम कुमारी जीव, एसडीजेएम प्रणव कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी उत्कर्ष जैन सहित न्यायालय के कर्मचारी एवं पारा लीगल वॉलंटियर्स उपस्थित थे।

# दृष्टिपात

## सागवान के पेड़ को लेकर विवाद में बहा खून

**बरवाडीह।** प्रखंड के लुहुर गांव में सागवान के पेड़ को लेकर दो चचेरे भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में नरेश भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, नरेश भुइयां अपने खेत में लगे सागवान के पेड़ की छंटाई कर रहे थे। इसी दौरान उनके चचेरे भाई राजेंद्र भुइयां वहां पहुंचे और पेड़ पर अपना दावा करते हुए विवाद करने लगे। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि राजेंद्र भुइयां ने टांगी से हमला कर नरेश को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर एएसआई संजय चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## अज्ञात अपराधियों ने ट्रैक्टर में आग लगाने का किया प्रयास

**लातेहार।** गारू थाना क्षेत्र के डबरी मुरपा गांव में शनिवार देर रात अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने घर के पास खड़े ट्रैक्टर में आग लगाने का प्रयास किया। पीड़ित सुखलाल उरांव ने बताया कि रात में कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर उठने पर उन्होंने कुछ लोगों को ट्रैक्टर में आग लगाते देखा। भयवश वह घर के अंदर चले गए। सुबह ट्रैक्टर का इंजन आंशिक रूप से जला हुआ पाया गया। उन्होंने आशंका जताई कि जमीन विवाद के कारण कुछ लोगों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया हो सकता है। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की। जिला परिषद सदस्य बुधेश्वर उरांव ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं चिंता का विषय हैं और पुलिस प्रशासन को मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पप्पू शर्मा ने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। उन्होंने लोगों से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में सब इंस्पेक्टर दिलेश्वर पासवान, पी.के. मिश्रा, संदीप कुमार, रामजी सिंह, मदन मोहन सिंह, शिव कुमार, सूरज कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, गोपाल महतो, सीता देवी, विकास पांडेय, मंजूर आलम, जियाउल अंसारी, आशिक अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हेरहंज।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को हेरहंज प्रखंड में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया। योग शिक्षक श्याम लाल गोस्वामी ने प्रतिभागियों को कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन कराए। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और स्वस्थ जीवन का आधार है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनावमुक्त और स्वस्थ रहने के लिए योग बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुरली प्रसाद, विजय गुप्ता, मनीष जायसवाल, कैलाश कुमार ठाकुर, देवनंदन साहू, सोनू गुप्ता, निरंजन कुमार, रवि कुमार, अरविंद यादव, पिंटू यादव, प्रमोद राम सहित बड़ी संख्या में लोग और प्रखंड कर्मी मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से 'करो योग, रहो निरोग' का संदेश दिया।

## खनन से बने गड्ढों को भरने की मांग विधायक प्रतिनिधि ने सौंपा आवेदन



**बालूमाथ।** विधायक प्रतिनिधि संजय यादव ने लातेहार उपायुक्त के नाम अंचल अधिकारी को आवेदन सौंपकर प्रखंड क्षेत्र में वैध एवं अवैध खनन से बने गहरे गड्ढों को भरवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर जलजमाव होने से लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। हाल ही में आरा गांव में खनन से बने गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे अत्यंत दुखद बताया। आवेदन में खनन स्थलों की जांच कर गड्ढों को अविलंब भरवाने तथा मृत बच्चों के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। संजय यादव ने आरोप लगाया कि खनन कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रही हैं, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं।

## महुआडांड़ के किसानों ने सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने के लिए प्रशासन से मांगा सहयोग

**महुआडांड़।** प्रखंड के किसानों ने जल संकट के स्थायी समाधान के लिए जिला प्रशासन से सहयोग की अपील की है। किसानों का कहना है कि प्रशासन और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से महुआडांड़ को जल-समृद्ध क्षेत्र बनाया जा सकता है। वरिष्ठ किसान बुधवा उरांव ने कहा कि प्रशासन के सहयोग से सिंचाई व्यवस्था मजबूत होने पर खेती को नई दिशा मिलेगी। महिला किसान समूह की अध्यक्ष सोमारी देवी ने तालाबों के गहरीकरण और बोरिंग सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं युवा किसान संजय खेरवार ने कहा कि सिंचाई एवं तकनीकी सहायता मिलने पर युवा पलायन छोड़ आधुनिक खेती अपनाने को तैयार हैं। ग्राम प्रधान मंगरा मुंडा ने कहा कि किसानों को प्रशासन से काफी उम्मीदें हैं और ग्रामीण श्रमदान के लिए भी तैयार हैं। किसानों का मानना है कि सिंचाई सुविधा मिलने से खेत हरे-भरे होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## रामपुर हादसे के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग उठाई

**महुआडांड़ (लातेहार)।** रामपुर गांव में बिजली के पोल पर चढ़ने के दौरान करंट की चपेट में आने से 13 वर्षीय सोनू कुमार नायक की मौत के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। हादसे में बेटे को खोने के बाद परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। बिजली विभाग के एसडीओ अमित कुमार के निर्देश पर हुई जांच में बताया गया कि बिजली तार एवं पोल में कोई तकनीकी खराबी नहीं पाई गई। विभाग ने अभिभावकों से बच्चों को बिजली उपकरणों से दूर रखने की अपील की है। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उपायुक्त संदीप कुमार ने महुआडांड़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का आश्वासन दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अमित खलखो ने कहा कि बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के लिए विभाग पूरी तरह तत्पर है। वहीं थाना प्रभारी मनोज कुमार ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## गेन्द्रा गांव में खड़ी बोलेरो को अपराधियों ने लगाई आग

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के मरगड्डा पंचायत अंतर्गत गेन्द्रा गांव में शनिवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने घर के बाहर खड़ी बोलेरो वाहन में आग लगा दी। देखते ही देखते वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। वाहन मालिक सफेंद्र गंझू ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य किसी कार्य से रांची गए हुए थे। इसी दौरान देर रात वाहन में आग लगने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही कुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी का प्रतीत हो रहा है। अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अपराधी अपाची बाइक से पहुंचे थे। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और जल्द खुलासे का दावा किया है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर आयोजित, योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का अपील

# स्वस्थ जीवन जीने की एक प्रक्रिया है योग : उपायुक्त

- नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता






**लोहरदगा।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष समिति, लोहरदगा द्वारा नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त संदीप कुमार मीना एवं पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योग फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ आयु के लिए योग)" है, जो जीवन के प्रत्येक चरण में स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश देती है। बढ़ती उम्र, असंक्रामक रोगों तथा जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच योग स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं समग्र कल्याण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। योग शिविर में प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने युवाओं से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज (असंक्रामक बीमारियों) से बचाव संभव है तथा व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। योग केवल एक मैट, एक स्थल अथवा एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। घर, विद्यालय, कार्यस्थल अथवा सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से योग का अभ्यास कर इसके लाभों को जीवनभर प्राप्त किया जा सकता है। योग दिवस की वास्तविक सफलता इसी में है कि लोग इसे अपने दैनिक जीवन में निरंतर अपनाएं।

पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि वर्तमान समय की तनावपूर्ण एवं व्यस्त जीवनशैली में योग मानसिक शांति, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग के वास्तविक लाभ तभी प्राप्त होते हैं जब इसे नियमित रूप से जीवन में अपनाया जाए। युवाओं को योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, परियोजना निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



## बी.एस. कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत केंद्र, लोहरदगा द्वारा बी.एस. कॉलेज, लोहरदगा के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बी.एस. कॉलेज परिसर में भव्य योग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास से हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात "स्वस्थ वृद्धावस्था तथा "योग के व्यक्तिगत एवं सामाजिक लाभ" विषय पर जागरूकता बढ़ाने हेतु एक पदयात्रा का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. शशि गुप्ता ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में युवाओं से नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया तथा विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा दिए गए संदेश को भी साझा करते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं जागरूक समाज के निर्माण में योग की भूमिका पर बल दिया।

## ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में हुआ भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम



लोहरदगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में भव्य योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार के साथ योगाभ्यास की शुरुआत की। योग सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने क्रमशः अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन एवं सर्वांगासन का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिक्षिका पंकजिनी केसरी द्वारा विद्यार्थियों से हेल्दी क्लैपिंग कराई गई, जिससे वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर गया। निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।

## सेवा भारती ने लगाया योग शिविर



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती के द्वारा विश्व योग दिवस पर चुन्नी लाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में सुबह 7:00 से योग शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के योग व्यायाम करते हुए उनसे होने वाले फायदे और महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने विश्व योग दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राचीन काल से हम लोगों ने योग को अपनाया है और आज हेल्दी लाइफ के लिए योग बहुत आवश्यक है। आम लोगों से अपील है कि योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें और निरोग रहे। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शांति का माध्यम भी है। वहीं डॉ.कुमुद अग्रवाल ने कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी और तनाव को दूर रखने में योग बेहद मददगार है। इसलिए योग को अपने जीवन में रोजमर्रा की तरह ही शामिल करें और नियमित रूप से योग करने और निरोग रहने का संदेश भी दिया। कहा की पहले हजारों वर्ष पहले ऋषि मुनियों द्वारा योग अभ्यास से ही काफी लंबे समय तक जीवित रहते थे। प्रधानमंत्री के द्वारा योग अभ्यास को जागरूक कर लोगों में एक ऊर्जा प्रदान की है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ,सचिव संजय चौधरी ,मुकेश गुप्ता ,आशीष कुमार दीपक, अंजलि सराफ, रुपेश चौधरी, सुरेश पोद्दार अनीता देवी, दुर्गा सोनी, सच्चिदानंद अग्रवाल ,दिलीप कांस्यकार,अतुल सर्राफ, हरि उरांव, कौशल्या देवी, बिंदेश्वरी मिस्त्री आदि मौजूद थे।

## पतंजलि परिवार ने योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 पर पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, युवा भारत, महिला पतंजलि योग समिति एवं किसान समिति, लोहरदगा जिला के योग शिक्षक शिक्षिकाएं द्वारा जिला मुख्यालय समेत प्रखंडों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत

सामूहिक योगाभ्यास किया गया। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती व्यवहार न्यायालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कराया।

इसी तरह भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह एवं जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति द्वारा सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के बच्चों एवं विद्यालय प्रबंधन तथा आम जनों के साथ सामूहिक रूप से योग अभ्यास कराया जबकि वरिष्ठ योग शिक्षक संजय मधुर द्वारा जिला एक्सीलेंस कम एक्सीलेंस स्कूल नदिया हिंदू प्लस टू विद्यालय में तथा युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल जिले के आराधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में उपस्थित रहे इसी तरह सह जिला प्रभारी शिवराज विजय महतो एवं सुमित उरांव द्वारा जिले के एंजीभूत महाविद्यालय बलदेव साहू महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय प्रबंधन एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं के साथ सामूहिक योग अभ्यास में शामिल हुए इसी तरह युवा भारत के निर्भय भारतीय द्वारा कुरुक्षेत्र में विजय साहू किस्को प्रखंड विजय सोनी सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में वरिष्ठ शिक्षक गणेश शास्त्री कैरो प्रखंड के अनुग्रह नारायण प्लस टू विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ सामूहिक योग अभ्यास कराया। साथ ही साथ जिले के कई स्थान जिम प्रखंड मुख्यालय स्थित सहकारिता भवन में दैनिक योग अभ्यासी प्रमोद साहू, प्रदीप साहू एवं वरिष्ठ शिक्षाविद एस. शुक्ला की उपस्थिति में दैनिक योग अभ्यासन के द्वारा सामूहिक रूप से योग एवं आसन प्राणायाम के सामूहिक रूप से अभ्यास किया एवं दृढ़ता के साथ संकल्प लिया कि प्रतिदिन में योग अभ्यासी बड़े रहेंगे नन्हे बच्चों ने भी योग दिवस पर अपनी मजबूत इरादे पद दैनिक अभ्यास के उपरांत मंच में जाकर प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक रूप से योग अभ्यासी में शामिल हुए जिनमें 10 वर्षीय अथर्व राज भारती, गरिमा कुमारी मुख्य रूप से शामिल हैं। गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में भी आचार्य सरसचन्द्र आर्य के नेतृत्व में प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास सामूहिक रूप से ब्रह्मचारियों ने किया इसी तरह के इसरार में आशीष आर्य लोहरदगा पतरा टोली क्षेत्र में महादेव आर्य ने भी योग सामूहिक रूप से किया इस वर्ष स्वस्थ जीवन के लिए योग थीम पर सबों ने संकल्प लिया कि इसे अपने दैनिक जीवन में भी अपनाने प्रयास करेंगे और स्वस्थ जीवन को प्राप्त करेंगे। पेशरार के तुईमु में अभय भारती ने बच्चों के बीच अभ्यास किया।

## अंसार पंचायत की बैठक संपन्न
## नशामुक्ति व शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर



**लोहरदगा।** थाना टोली स्थित अंसार भवन में रविवार को अंसार पंचायत की एक बैठक अध्यक्ष मुमताज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज में बढ़ रही नशाखोरी समेत विभिन्न सामाजिक बुराइयों पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके प्रति जागरूकता और सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया। समाज के संरक्षक हाजी शकील अहमद ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनियावी तालीम के साथ-साथ लड़कियों के लिए दीनी तालीम की व्यवस्था भी आवश्यक है। उन्होंने पंचायत स्तर पर कोचिंग की व्यवस्था शुरू करने तथा हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही अंसार भवन के विकास के लिए आवश्यक फंड उपलब्ध कराने की बात कही। पंचायत के सचिव हाजी अब्दुल जब्बार ने अपने कार्यकाल का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## लोहरदगा की गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाया जाएगा मुहर्रम



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से मनाने को लेकर रविवार को अंजुमन इस्लामिया कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया के सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू ने की। बैठक में मुहर्रम के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में नायब सदर सैयद आरिफ हुसैन बबलू, संयुक्त सचिव अल्ताफ कुरैशी सहित विभिन्न मुहर्रम कमेटियों के कन्वेनर एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि पांचवीं के अवसर पर जुलूस के बाद पावरगंज में पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन होगा। सातवीं मुहर्रम को कर्बला परिसर में फातिहाख्वानी एवं मेले का आयोजन किया जाएगा। आठवीं को छोटी ताजिया तेतरतर इमामबाड़ा में रखी जाएगी तथा शहरी एवं ग्रामीण कमेटियों के पदाधिकारियों का पारंपरिक पगड़ीपोशी समारोह होगा। नवमी पर बड़ी ताजिया के साथ बड़ा तालाब के समीप पारंपरिक खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी, जबकि दसवीं मुहर्रम का मुख्य जुलूस परंपरागत मार्ग से निकलकर सोमवार बाजार में संपन्न होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए सैयद शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि मुहर्रम त्याग, बलिदान, अनुशासन और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है। जिसे कायम रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए सभी अखाड़ों एवं कमेटियों से प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

## मुर्की गांव में फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव, पुलिस जांच में जुटी

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के मुर्की गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी का शव घर के अंदर दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर सेन्हा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।मृतका की पहचान मुर्की निवासी संदीप उरांव की 15 वर्षीय पुत्री अश्विनी उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि घटना के समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में दूसरे प्रदेश में गए हुए हैं, जबकि मां अपने भाई से मिलने सदर अस्पताल गई थीं। भाई भी किसी काम से बाहर था।जानकारी के अनुसार, सुबह घर लौटने पर भाई ने दरवाजा अंदर से बंद पाया। काफी आवाज लगाने के बावजूद जब दरवाजा नहीं खुला तो वह वापस गांव की ओर चला गया। कुछ समय बाद लौटने पर भी दरवाजा बंद मिला। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई।

### शिशु मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# सैकड़ों छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और पूर्व छात्रों ने किया सामूहिक योगासन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों, आचार्यों, अभिभावकों और प्रबुद्ध नागरिकों ने सामूहिक रूप से योग, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार कर निरोग रहने का संदेश दिया। योग के इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पतंजलि योग समिति, झारखंड के सदस्य शिव शंकर सिंह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नगर कार्यवाह तुलसी जी, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

# पीएम किसान योजना के नाम पर ठगी से सावधान रहें : पवन तिग्गा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना की किस्त जारी होने के बाद किसानों को साइबर ठगी और दलालों से सावधान रहने की जरूरत है। इसे लेकर लोहरदगा के भाजपा नेता पवन तिग्गा ने किसानों से सतर्क रहने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम किसान योजना की राशि पात्र लाभुकों के बैंक खातों में सीधे भेजी जाती है। यदि किसी लाभुक के खाते में राशि नहीं पहुंची है या कोई नया आवेदन कराने के नाम पर पैसे की मांग कर रहा है, तो ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीएम किसान योजना का लाभ दिलाने के नाम पर किसी भी व्यक्ति, दलाल या प्रज्ञा केंद्र संचालक को पैसे नहीं दें। पवन तिग्गा ने कहा कि कई साइबर अपराधी और बिचौलिए किसानों को झांसे में लेकर ठगी करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों के बहकावे में न आएं और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, आधार संख्या, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें।

# योग दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ भव्य योगाभ्यास



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि पतंजलि एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्थापना मंत्र के पश्चात योग कार्यक्रम विधिवत शुरुआत हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य रितेश पाठक द्वारा कराई गई। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों, आचार्यों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संधि योग तथा मंत्र सहित सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य सुरेश चंद्र पांडे के निर्देशन में ताड़ासन, अर्धकटिचक्रासन, वज्रासन, शशांकासन, भुजंगासन एवं पवनमुक्तासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, उज्जायी तथा भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सुंदरी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने विद्यार्थियों को योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रवीण कुमार भारती ( अधिवक्ता) ने अपने संबोधन में कहा कि "योग कर्मों में कुशलता का नाम है। योग मनुष्य के भीतर उपस्थित नकारात्मक प्रवृत्तियों का नाश कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने विशेष रूप से प्राणायाम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तनाव, चिंता और मानसिक अशांति जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं तथा इनसे मुक्ति दिलाने में योग और प्राणायाम की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया।

**योग दिवस** | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर न्यायिक पदाधिकारियों और न्यायिक कर्मियों ने किया योग

# योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए : पीडीजे

- योग हमारे लिए काफी लाभदायक है। योग हमें खुद से जोड़ता है

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर, मंडल कारा, वृद्धाश्रम, जिले के विभिन्न पंचायतों, गांवों, विद्यालयों सहित अन्य स्थानों पर योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी, न्यायिक कर्मी सहित अन्य लोगों ने योग किया। वहीं योग शिविर का शुभारंभ पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में योग प्रशिक्षक के रूप में प्रवीण कुमार भारती, अभय भारती, गरिमा भारती, और खुशी भारती उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराए। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा ने कहा कि योग हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। योग न केवल शरीर स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का अभ्यास नहीं है बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी न्यायिक पदाधिकारियों और जिलावासियों से स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान कार्य-वातावरण के लिए नियमित योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लेने की बात कही। वहीं योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योग हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अभ्यास है। यह हमारे अंदर परिवर्तन ला सकता है। वर्तमान समय में रोगों से बचना काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। कहा कि योग हमारे लिए काफी लाभदायक है। योग हमें खुद से जोड़ता है। साथ ही योग हमारे अंदर स्थित बुराइयां और नकारात्मक विचारों को दूर करता है। वहीं मंडलकारा में आयोजित कार्यक्रम में डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी व सहायक नारायण साहू उपस्थित रहे। जहां उन्होंने मंडलकारा में बंद बंदियों के साथ योगाभ्यास किया। साथ ही योग से होने वाले फायदे के बारे में बताया। वहीं उन्होंने नालसा और झालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे बताया। साथ ही सदर प्रखंड अंतर्गत मनहो गांव में स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान एलएडीसीएस डिप्टी चीफ़ उमेश कुमार, सहायक सुदामा साहू, पीएलवी जितेंद्र राम, विकास ठाकुर, अरविंद वर्मा, जॉन एक्का, अशोक साहू सहित अन्य ने योगाभ्यास किया। साथ ही योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया।

## दृष्टिपात

### मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

**घाघरा।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को घाघरा थाना परिसर में थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों से जुलूस एवं अन्य कार्यक्रमों का रूट चार्ट प्राप्त किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सादगी के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में विपिन बिहारी सिंह, प्रदीप प्रसाद, धन कुंवर साहू, शीला कुजूर, भोला खान, जाकिर खान, आलम खान, तौहित खान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### दूसरी बार रक्तदान कर कृष्ण कुमार साहू ने बचाई मासूम की जान

**गुमला।** 'रक्तदान महादान' के संकल्प को साकार करते हुए मारवाड़ी युवा मंच, गुमला ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। मंच के सदस्य कृष्ण कुमार साहू ने दूसरी बार रक्तदान कर एक गंभीर रूप से बीमार बच्ची की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल गुमला के ब्लड बैंक में भर्ती एक बच्ची को तत्काल बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। इसकी सूचना मिलते ही मंच के रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल सक्रिय हुए और कृष्ण कुमार साहू को अस्पताल पहुंचाकर रक्तदान कराया। मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रक्त के अभाव में किसी भी जरूरतमंद की जान न जाए। मंच के सदस्य लगातार सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय रहते हैं। इस अवसर पर सदर अस्पताल की लैब टेक्नीशियन संगीता किंडो, सुमित मंत्री उर्फ बिट्टू, रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अस्पताल प्रबंधन ने भी मंच के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

### अंबोआ के समीप सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला युवक, ग्रामीणों व पुलिस की तत्परता से पहुंचा अस्पताल

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के अंबोआ गांव के समीप रविवार को सड़क किनारे एक युवक बेहोशी की हालत में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों और ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए युवक की मदद की और पुलिस को सूचना दी। युवक के शरीर पर चोट के निशान थे। ग्रामीणों ने उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर होश में लाने का प्रयास किया। होश आने पर उसने अपनी पहचान खूंटी जिले के पुटमगड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय सागर पहान के रूप में बताई। सागर पहान ने बताया कि वह दोस्तों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने नगर गांव गया था। इसी दौरान कुछ लोगों से विवाद होने पर उसके साथ मारपीट की गई। घायल अवस्था में वह किसी तरह वहां से निकला, लेकिन बाद में सड़क किनारे गिरकर बेहोश हो गया। घटना की सूचना मिलने पर करंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना में गुमला के युवाओं ने बढ़ाया जिले का मान

**गुमला।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के शुभारंभ अवसर पर गुमला जिले के छह युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। रांची स्थित शौर्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में ये सभी युवा सामाजिक संस्था 'एकजुट' का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन से देशभर के 200 से अधिक केंद्रों से जुड़े नियोक्ताओं और लाभार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में गुमला जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी निवासी एवं 'एकजुट' संस्था के कर्मी विवेक कुमार केशरी ने मंच से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिले का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत रोजगार योजना युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। विवेक ने बताया कि वह 'एकजुट' संस्था के माध्यम से माताओं तथा छह वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से युवाओं को नई ऊर्जा और समाज के विकास में योगदान देने की प्रेरणा मिल रही है। समारोह में विभिन्न नियोक्ताओं की ओर से 32 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। गुमला जिले के युवाओं की इस सहभागिता को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### हार्ट अटैक से चाउमीन दुकानदार शक्ति सिंह का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के लेकोटोली निवासी एवं ब्लॉक चौक स्थित चाउमीन-चिल्ली के दुकानदार शक्ति सिंह (49) का शनिवार देर रात हृदयाघात से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार को दुकान बंद कर घर लौटने के बाद उन्होंने परिवार के साथ भोजन किया। रात करीब 11 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शक्ति सिंह मूल रूप से सिसई प्रखंड के नगर गांव के निवासी थे, लेकिन कई वर्षों से भरनो के लेकोटोली में परिवार के साथ रह रहे थे। वे अपने मिलनसार स्वभाव और स्वादिष्ट व्यंजनों के कारण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। रविवार को उनके पैतृक गांव में पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर टाउन हॉल में योग और राजयोग का संगम

- ब्रह्माकुमारीज के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों व नागरिकों ने किया ध्यान और योगाभ्यास

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में टाउन हॉल में विशेष योग एवं राजयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज संस्था के सहयोग से बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त दिलेश्वर महतो, उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, अपर समाहर्ता राजीव नीरज, सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



शिव दर्शन भवन की संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन की श्रेष्ठ प्रक्रिया है। नियमित ध्यान और राजयोग से व्यक्ति में आत्मबल, सकारात्मकता और मानसिक शांति का विकास होता है।

उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जो स्वस्थ, सकारात्मक और तनावमुक्त जीवन का आधार है। उन्होंने सभी लोगों से योग एवं ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक योगाभ्यास एवं राजयोग मेडिटेशन कराया गया। अंत में विश्व शांति, स्वस्थ समाज और मानव कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में जुटे अधिकारी और नागरिक

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में नगर भवन, गुमला में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो शामिल हुए। अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' जीवन के हर चरण में योग की उपयोगिता को दर्शाती है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनिमेश रंजन, नगर परिषद अध्यक्ष शकुंतला उरांव, अपर समाहर्ता राजीव नीरज, डीसीएलआर राजीव कुमार, सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एलीना दास समेत कई अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

### योग दिवस पर ग्रामीणों और बच्चों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



**चैनपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चैनपुर प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों, आरोग्य मंदिरों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और बच्चों ने सामूहिक योगाभ्यास कर 'योग करें, निरोग रहें' का संदेश दिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को नियमित योग और प्राणायाम के लाभों की जानकारी दी। वहीं विद्यालयों में शिक्षकों के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न योगासन और ध्यान का अभ्यास किया। शिक्षकों ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता और बौद्धिक क्षमता को भी बढ़ाता है। पूरे प्रखंड में योग दिवस को लेकर उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### पहले ही प्रयास में बीपीएससी परीक्षा पास कर सृष्टि कुमारी ने बढ़ाया भरनो का मान



- 553वीं रैंक हासिल कर ग्रामीण विकास विभाग के लिए चयनित, अब यूपीएससी लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड निवासी एवं व्यवसायी दिनेश प्रसाद केशरी की पुत्री सृष्टि कुमारी ने अपने पहले ही प्रयास में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें 553वीं रैंक प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर उनका चयन ग्रामीण विकास विभाग में हुआ है।

सृष्टि ने मैट्रिक डीएवी हेहल, इंटरमीडिएट डीपीएस रांची तथा बीटेक बेंगलुरु स्थित बीएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से किया। इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी शुरू की और यूपीएससी साक्षात्कार तक पहुंचीं, हालांकि अंतिम चयन नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने विजन आईएएस से ऑनलाइन तैयारी जारी रखते हुए बीपीएससी में सफलता हासिल की। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय स्वर्गीय दादा एवं पूर्व मुखिया गौरी शंकर केशरी, पिता दिनेश प्रसाद केशरी, माता रंजना देवी तथा परिवार के अन्य सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि उनका अंतिम लक्ष्य यूपीएससी में सफलता हासिल कर देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में योगदान देना है। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### चैनपुर में बूथ एजेंटों को बांटे गए ई-कार्ड, 85 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

- कांग्रेस की समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती और शत-प्रतिशत पंजीकरण पर दिया गया जोर



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड के बरवे मैदान में कांग्रेस पार्टी की ओर से विशेष चर्चा एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सह-प्रभारी विजय खान, जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, चैनपुर प्रभारी अरुण कुमार पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अल्बर्ट तिग्गा और प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद खलखो उपस्थित थे। इस दौरान एसआईआर के प्रशिक्षित मोतीलाल चौबे ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया तथा बूथ एजेंटों के बीच ई-कार्ड का वितरण किया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि चैनपुर प्रखंड के 60 बूथों में से 45 बूथ एजेंटों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि निर्धारित 42,660 के लक्ष्य में अब तक 36,556 का कार्य पूरा कर लिया गया है। कुल कार्य का लगभग 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है। शेष कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नसीम खान, जय शाह सी सिंह, विवेक कुजूर, बर्नार्ड टोप्पो, कमल कुजूर, सुलेमान तिग्गा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और बूथ एजेंट उपस्थित थे।

### बिरसा मुंडा पार्क में उमड़ा जनसैलाब योग परिवार ने दिया स्वस्थ गुमला-स्वस्थ भारत का संदेश

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, योग को जीवनशैली बनाने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को योग परिवार, गुमला के तत्वावधान में बिरसा मुंडा पार्क में विशाल सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। मारवाड़ी युवा मंच और युवा मंच गुमला के सदस्यों ने भी आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन और भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा को जोड़ने वाली जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनता है। योग परिवार के सचिव सह सहयोग शिक्षक संजय कुमार ने बताया कि संस्था वर्षभर निःशुल्क योग कक्षाओं का संचालन करती है। वहीं कोषाध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि योग सबसे सरल और प्रभावी स्वास्थ्य पद्धति है। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और स्वस्थ समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के योग शिविर में उमड़ा जनसैलाब

- 1271 लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास
- तेलगांव पंचायत और विद्यालय परिसर में भव्य आयोजन, महर्षि पतंजलि के पूजन से हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला की ओर से तेलगांव ग्राम पंचायत एवं विद्यालय परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, आचार्यों, कर्मचारियों, समिति सदस्यों, एनसीसी कैडेटों तथा ग्रामीणों सहित कुल 1271 लोगों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया।

तेलगांव पंचायत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि पतंजलि के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह, तेलगांव के मुखिया विनोद उरांव, एनसीसी हवलदार अजीत सिंह, हवलदार प्रकाश सिन्हा, आचार्य संजय कुमार तथा प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

योग प्रशिक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने कहा कि योग हमारे ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है और यदि प्रत्येक व्यक्ति इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर ले तो स्वस्थ, व्यसनमुक्त एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

मुखिया विनोद उरांव ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में इस प्रकार का अनुशासित और प्रेरणादायक योग शिविर पहली बार आयोजित हुआ है, जिससे ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति नई जागरूकता आई है। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं राष्ट्र कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भरनो में योगमय रहा माहौल



- विभिन्न संस्थानों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को भरनो प्रखंड योगमय माहौल में सराबोर रहा। सरकारी विद्यालयों, थाना परिसर तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें पदाधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराते हुए योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की वैज्ञानिक एवं प्राचीन भारतीय पद्धति है।

इसी क्रम में सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव श्रीकांत केशरी, प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य हरिशंकर शाही, पिंटू गुप्ता, मंत्री नीलम गुप्ता तथा प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के योग प्रमुख आचार्य वीरेंद्र कुमार एवं पतंजलि योग समिति के योगाचार्य पिंटू गुप्ता ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन अनुशासित रहता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

### बीटीएल पब्लिक स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल में योग दिवस की धूम

**गुमला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोहरदगा रोड स्थित दुनदुरिया के बीटीएल पब्लिक स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल परिसर में रविवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पतंजलि योगपीठ के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका सर्वेश्वरी मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से पतंजलि योगपीठ, गुमला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ जीवनशैली, बेहतर एकाग्रता और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# 162 विद्यार्थियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

- योगगुरु गजराज महतो बोले- योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, दवाइयों पर निर्भरता होगी कम

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड स्थित रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर, कुदरा में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव रवींद्रनाथ अधिकारी, प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा, समाजसेवी संजय वर्मा एवं योगगुरु गजराज महतो ने मां भारती, मां सरस्वती एवं ओम् के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया।



योग शिविर में विद्यालय के 162 छात्र-छात्राओं, आचार्य-आचार्याओं एवं समिति सदस्यों ने भाग लेकर निरोगी जीवन का संदेश दिया। प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा के नेतृत्व में विद्या भारती द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के तहत सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।

योगगुरु गजराज महतो ने योग के वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्यवर्धक लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव दूर होता है तथा उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि यदि योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए तो दवाइयों पर निर्भरता काफी हद तक कम हो सकती है।

प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने कहा कि योग हमारे ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जो शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में बांधता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, संस्कारित और व्यसनमुक्त समाज के निर्माण के लिए नई पीढ़ी को योग और भारतीय संस्कृति से जोड़ना आवश्यक है।

योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में एलोवेरा, गिलोय और सहजन सहित कई औषधीय पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ तथा सभी विद्यार्थियों के बीच चना-गुड़ का वितरण किया गया।


झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
विद्युत आपूर्ति अंचल, गढ़वा
Email: esegarhwa@yahoo.in, ese.garhwa@jbvnl.co.in

आम सूचना

आम जनता/ उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत आपूर्ति अंचल, गढ़वा अंतर्गत "जन समस्या निवारण केन्द" प्रारम्भ हो गया है। बिजली से जुड़े हुए कोई भी समस्या यथा विद्युत आपूर्ति बाधित/फयूज कॉल/ जले हुए ट्रास्फार्मर की बदली/ बिजली बिल नहीं मिलने इत्यादि जैसी अपनी सभी समस्या को मोबाईल संख्या 9229108698 पर सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक कॉल/वाटसअप के द्वारा सूचित कर सकते है। प्राप्त समस्या का निराकरण यथाशीघ्र की जाएगी।

इसके अतिरिक्तः–

1. गढ़वा शहर के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या 9942822373 पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. नगर उँटारी क्षेत्र के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या 9162697924 पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह0/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति अंचल, गढवा

PR 382747 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D

**विचार प्रवाह** जब आप किसी काम को करने के इच्छुक नहीं होते, तब आप शुरु से ही थकान का अनुभव करते हैं, और जब उसे करने के इच्छुक होते हैं तब आप शक्ति से भरे रहते हैं। सदा इच्छापूर्वक कार्य करें और आप पायेंगे कि आप सदा ईश्वर की अदम्य शक्ति से परिपूर्ण हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, "योगदा सत्संग पत्रिका"**

# राष्ट्रीय नवीन मेल

## मिटती भाषाओं और शहरों में जूझते लोगों की नहीं पहचान की लड़ाई

**इंडिया**



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

एसआइआर, परिसीमन,सरना कोड,खतरे में सनातन और जैसे मुद्दे उठाने वाले चमकते हुए फ्लाई ओवर और सड़क पुलों को मेरे और मेरी जाति धर्म पार्टी वालों के नाम कर दो की मांग खूब करते हैं, पर हर बारिश में घरों में घुसते पानी,धंसते पुलों-सड़कों और मिटती हुई भाषाओं बोलियों को किसका नाम दें? अपनी जाति धर्म और पहचान के नाम पर अधिकार और हिस्सेदारी के लिए लड़ते वीआइपी नेताओं की भीड़ को गायब होती नदियों तालाबों नालों के बीच जीवन और रोजगार के लिए जूझते इनके समाज के गरीबों की चिंता नहीं जो गांव छोड़कर शहरों की झुग्गियों में रह रही हैं। इनकी पहचान और भाषाएं मर रही हैं साथ ही मिटने को है कई समूहों की सांस्कृतिक पहचान। झारखंड में भी टाइटल के आधार पर कई सदान और जनजातीय समुदाय विशेष अपनी भाषा नहीं जानते। आज के भारत ही नहीं अखंड भारत यानी भारतीय उपप्रायद्वीप सहित पूरे विश्व में भाषाएं उपेक्षित होकर मर रहीं हैं और इनके साथ जुड़ी जातियों या जनजातियों की पहचान भी मिट रही है । झारखंड भी इससे अछूता नहीं है आप किसी गांव में जाकर उनकी भाषा में बात करें तो वे आपको हिंदी में जवाब देंगे ताकि वे जतला सकें कि वे गंवार नहीं बल्कि पढे लिखे हैं। आधुनिक जीवन शैली सिनेमा,रंगीन टीवी के बाद अब सोशल मीडिया से सुदूर ग्रामीण या जंगल के किनारे तक पहुंच गई है और लोग अपने रीति रिवाज संस्कृति या भारतीय पहचान के प्रति हीन भावना से ग्रस्त हो गए हैं जिसके कारण किसी भी कीमत पर अपने बच्चों को मुहल्ले के सही पर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं । कभी एक समय था जब झारखंड की कभी राजभाषा और संपर्क भाषा रही नागपुरी रांची शहर तक की भाषा थी और गुमला,सिमडेगा,लोहरदगा जैसे शहरों में जो भी रहा उसने यह भाषा सीख ली। पर अब नागपुरी मिश्रित हिंदी ने इसका स्थान लेना शुरू कर दिया है और कुछ बड़े परिवारों में तो अंग्रेजी ही बोलचाल की भाषा हो गई है। इसी प्रकार 32 जनजातीय समूह और 9 भाषाओं वाले झारखंड की अनेक जनजातीय भाषाएं भी खतरे में हैं क्योंकि नौकरी या व्यवसाय में ऊपर उठाने के बाद अनेक जनजातीय परिवार न सिर्फ अपने बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दे रहे हैं बल्कि अपनी मातृभाषा बोलना छोड़ते जा रहे हैं। इनका सिर्फ टाइटल बचा रह गया है पर जातीय या सांस्कृतिक पहचान खतरे में है। यूनेस्को की ताजा रिपोर्ट बताती है कि हर साल दुनिया से नौ भाषाएं खत्म हो रही हैं। भारत की कोरगा (कर्नाटक), सिरमौरी (हिमाचल प्रदेश) और पारजी (छत्तीसगढ़) भी संकट में हैं। सामूहिक तौर पर भाषाओं के प्रति हीन भावना को हटाकर ही इन मरती हुई भाषाओं को बचाया जा सकता है। बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिक ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, 'मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।' इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समाए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं। यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इसमें तेजी आई है। इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है, तो उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी सोच और उसका परिवेशबोध भी मर रहा है। इन अर्थों में देखें, तो भाषाओं का इस तरह मरना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है।यूनेस्को के अनुसार, साल एक हजार ईस्वी तक दुनिया भर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं, जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि 21वीं सदी के अंत तक दुनिया भर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह के खानपान, पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। झारखंड सहित भारत की बहुत-सी ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। इनमें लुप्तप्राय आदिम जनजाजतियां (पीवीटीजी) शामिल हैं। भाषाओं का सम्मान उन्हें बोलकर ही किया जा सकता है ।

# मोदी के बारह वर्षों ने दुनिया को भारत को अलग नजरिए से देखने के लिए प्रेरित किया

**आज की बात**



**लक्ष्मी पुरी**
पूर्व सहायक महासचिव, संयुक्त राष्ट्र और पूर्व उप कार्यकारी निदेशक, यूएन वीमेन

> उनके दृढ़ संकल्प, साहस और सावधानीपूर्वक की गई कार्रवाई के बल पर ही 1.4 बिलियन भारतीयों का महामारी की भीषणतम आपदा से सुरक्षित निकाला। वह अब भारत का नेतृत्व ऐसे समय में कर रहे हैं, जब वैश्विक भूराजनीतिक और भू-आर्थिक व्यवस्था खतरनाक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है।

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह उपलब्धि उनकी भी है और भारत की भीः उनसे पहले किसी ने भी इस लोकतंत्र में लगातार इतने लंबे समय तक शासन नहीं किया और न ही इतनी प्रतिस्पर्धी राजनीति के बीच किसी ने लगातार तीन बार चुनावी जीत हासिल की है। हालाँकि, रिकॉर्ड से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने क्या कार्य किया है : अपने कार्यकाल के "प्रत्येक मिनट" के पूरे "साठ सेकेंड का भारत के लिए पूरी ऊर्जा के साथ उपयोग करते हुए उसे सार्थक बनाया", उनके इन बारह वर्षों का प्रत्येक वर्ष 365 दिनों की उपलब्धियों से चिह्नित रहा, और इसी दौरान उस नए, गतिशील भारत का निर्माण हुआ, जिसे आज दुनिया एक अलग नजरिए से देख और समझ रही है। मैंने अपनी कामकाजी जिंदगी फील्ड में, राजधानियों में, बोर्ड और कॉन्फ्रेंस रूम में तथा संयुक्त राष्ट्र में बितायी है-जहां देशों के बारे में दुनिया अपनी राय कायम करती है। बीते एक दशक जो परिवर्तन आया है, वह मेरे द्वारा देखे गए परिवर्तनों में सबसे अधिक उल्लेखनीय हैः भारत के प्रति पहले जो उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण हुआ करता था, उसकी जगह अब प्रतिस्पर्धी रुचि, सीखने की इच्छा ने ले ली है, दुनिया भारत के उस परिवर्तन को विस्मय से देख रही है, जिसमें वह एक 'सिद्धांतों के आधार पर आपत्ति दर्ज करने वाले' और 'व्यवस्था को स्वीकार करने वाले' देश की जगह अब 'व्यवस्था को आकार देने वाले' देश के रूप में उभरा है, आज भारत बहुआयामी कूटनीतिक सहभागिता और रणनीतिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहा है। वह न केवल अपने प्रभाव का उपयोग अपने विचारों के समर्थन में कर रहा है, बल्कि अपने विचारों के समर्थन को भी शक्ति में परिवर्तित कर रहा है।

दुनिया इस शख्सियत का सही आकलन करती है, उन्हें सत्ता विरासत में नहीं मिली। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वोच्च पद तक का सफर बिना किसी पारिवारिक नाम के सहारे, रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर बीते बचपन से तय किया। उन्होंने भारत के कोने-कोने की यात्रा की, लोगों को समझा, उनके साथ बैठकर भोजन किया, उनके सुख-दुःख में भागीदार बने और जमीनी स्तर से अपना राजनीतिक जीवन निर्मित किया। वंशानुगत सत्ता और विशेषाधिकार प्राप्त उत्तराधिकार से ऊब चुकी दुनिया में, ऐसे नेता की छवि अधिक भरोसेमंद होती है, जिन्होंने अपनी पहचान स्वयं गढ़ी हो। वह भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देश की सभ्यतागत पहचान को अपनी पहचान के रूप में धारण किया है, न कि उसके प्रति क्षमायाचना का भाव रखा है अथवा विदेशी वेशभूषा और दृष्टिकोण



अपनाकर स्वयं को किसी अन्य रूप में प्रस्तुत किया है। वैश्विक जनमत का आकलन करने वाले सर्वेक्षण इस बात से सहमत हैः वर्षों से श्री मोदी लोकतांत्रिक नेताओं की मॉर्निंग कंसल्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, उनकी स्वीकृति दो-तिहाई से अधिक रही है, जो पश्चिमी नेताओं से काफी आगे है। प्यू के सर्वेक्षणों के अनुसार, दस में से आठ भारतीय उनके प्रति अनुकूल दृष्टिकोण रखते हैं, और वे अपने देश की दिशा से अधिकांश परिपक्व लोकतंत्रों की तुलना में अधिक संतुष्ट हैं। सरकारें इस बात से सहमत हैं : उन्होंने 19 विदेशी संसदों को संबोधित किया है और लगभग 30 देशों के राजकीय सम्मान प्राप्त किए हैं, जिनमें से कई उन देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं। अपने लोगों से वह सीधे संवाद करते हैं, हर महीने 'मन की बात' के माध्यम से अपने मन और हृदय की बात खुलकर रखते हैं; जबकि अन्य देशों के नेताओं के साथ उनका व्यवहार ऐसा है, जिसने वाशिंगटन और मॉस्को, खाड़ी देशों और यूरोप—सबको एक साथ किसी अद्भुत 'जादुई प्रभाव' के साथ जोड़कर रखा है।

भारत अब मॉडल आयात करने के बजाय उन्हें निर्यात कर रहा है। उसकी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना दुनिया के लगभग आधे रियल-टाइम भुगतान को संचालित करती है और लाखों खातों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाती है। आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी के चंगुल से बाहर आए हैं: 'अंत्योदय', जो राज्य के संचालन का आधारभूत सिद्धांत है, केवल एक नारा भर नहीं, बल्कि ऐसा सिद्धांत है, जो सुनिश्चित करता है कि कोई भी पीछे न छूटे और सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक पहले सहायता पहुँचे, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र के 'एजेंडा 2030' ने भी आह्वान किया है। यदि किसी नेता ने इस सिद्धांत के अनुरूप वास्तव में शासन किया है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी हैं। महामारी के दौरान भारत ने 2 बिलियन से अधिक टीके लगाए, 800 मिलियन लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया, लगभग 100 देशों को वैक्सीन और 150 देशों को दवाएं उपलब्ध कराईं। संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' के रूप में नामित किया, जबकि गेट्स फाउंडेशन ने गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, ऊर्जा और जलवायु में मापनीय प्रगति के लिए उन्हें सतत विकास लक्ष्यों के 'ग्लोबल गोलकीपर' के रूप में नामित किया; यूनिसेफ और यूएन विमेन ने भी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण से संबंधित उनके प्रयासों की सराहना की है, जिनमें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसी पहलें शामिल हैं। उनके लक्षित और बहु-क्षेत्रीय कार्यक्रम महिलाओं और लड़कियों के जीवन में-घर से कॉलेज तक, छोटे कियोस्क से कॉर्पोरेट जगत तक, स्थानीय शासन से संसद तक संरचनात्मक बदलाव लाए हैं। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नैतिक और सामाजिक न्याय की अनिवार्यता के रूप में आगे बढ़ाया है, जो देश की आधी आबादी की क्षमता को सक्रिय करने के लिए अपरिहार्य है। कोई भी राष्ट्र सशक्त महिलाओं के बिना आगे नहीं बढ़ सकता; भारत अब इस सत्य को एक महाद्वीप-स्तरीय व्यापकता के साथ लागू कर रहा है। उन्होंने भारतीयों के भीतर 'भारतीय होने' का गर्व पुनः स्थापित किया है-देश के भीतर भी और दुनिया भर में फैले 3.5 करोड़ प्रवासी भारतीयों में भी - जो विश्व का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। राष्ट्र एकजुट होकर आगे बढ़ा हैः महामारी के दौरान सामूहिक संकल्प में, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सशस्त्र बलों के समर्थन में, और महाकुंभ में, जहाँ 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु मानव इतिहास के सबसे बड़े समागम का हिस्सा बने। ये सभी प्रतीक समाज को एक सूत्र में बाँधने वाली बातों को दर्शाते हैंः राष्ट्रपति भवन में जनजातीय महिला; क्षेत्र-दर-क्षेत्र उनका पगड़ी, टोपी या जनजातीय लोगों के पारंपरिक सिरोभूषण को सम्मान और स्नेह के साथ धारण करना; 'मन की बात' और पद्म पुरस्कारों के माध्यम से गाँवों के लोगों को नायक बनाना; आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत 200 मिलियन घरों में तिरंगे का फहराना; 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष का उत्सव; स्वच्छ भारत अभियान के तहत 110 मिलियन शौचालयों का निर्माण,जो एक जन-आंदोलन बना; और एक भारत, विविधता को एक सूत्र में पिरोते हुए हर क्षेत्र का सम्मान किया गया है।

# कश्मीर में गूंजते मंत्र और भाईचारे का संदेश

**देश की बात**



**महेंद्र तिवारी**

कश्मीर को सदियों से विविध संस्कृतियों, परंपराओं और आस्थाओं की साझा भूमि के रूप में जाना जाता रहा है। यहां की पहचान केवल उसकी प्राकृतिक सुंदरता से नहीं, बल्कि उस सामाजिक ताने-बाने से भी रही है जिसमें अलग-अलग समुदायों ने लंबे समय तक एक साथ जीवन बिताया। कश्मीरी पंडित और मुसलमानों के बीच पीढ़ियों से विकसित हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय संबंध इस भूमि की सबसे बड़ी विशेषताओं में रहे हैं। हालांकि 1989 और 1990 के उथल-पुथल भरे दौर ने इस साझा जीवन को गहरी चोट पहुंचाई। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़कर देश के विभिन्न भागों में विस्थापित जीवन बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। उस दौर की पीड़ा आज भी हजारों परिवारों की स्मृतियों में जीवित है। ऐसे समय में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के मुर्रान गांव से आई एक खबर ने अनेक लोगों के मन में आशा का संचार किया है। लगभग 36 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कश्मीरी पंडित अपनी कुलदेवी के मंदिर में हवन और पूजा-अर्चना के लिए लौटे और स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने उनका स्वागत कर भाईचारे का संदेश दिया। यह घटना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं थी, बल्कि यह उन भावनाओं का संगम थी जो दशकों से लोगों के भीतर कहीं दबकर रह गई थीं। जब वर्षों पहले अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए लोग वापस अपने गांव पहुंचे तो उनके सामने केवल मंदिर नहीं था, बल्कि उनकी स्मृतियां थीं, उनका बचपन था, उनके पूर्वजों की यादें थीं और वे रिश्ते थे जो समय और दूरी के बावजूद पूरी तरह समाप्त नहीं हुए थे। अनेक परिवारों के लिए यह यात्रा अतीत और वर्तमान के बीच एक भावनात्मक पुल बन गई। जिन गलियों में उन्होंने बचपन बिताया था, जिन घरों के आँगनों में खेला था और जिन पड़ोसियों के साथ जीवन के सुख-दुख साझा किए थे, उन सबको फिर से देखना उनके लिए अत्यंत भावुक अनुभव रहा। मुर्रान गांव उन स्थानों में से एक है जहां कभी कश्मीरी पंडितों और मुसलमानों का जीवन एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ था। दोनों समुदाय सामाजिक अवसरों, पारिवारिक आयोजनों और स्थानीय परंपराओं में सहभागिता करते थे। लेकिन 1989-90 के दौरान बढ़ी हिंसा और असुरक्षा की परिस्थितियों ने इस सामाजिक संतुलन को तोड़ दिया। बड़ी संख्या में पंडित परिवारों ने अपने घर, जमीन, व्यवसाय और सामाजिक परिवेश को छोड़कर पलायन किया। विस्थापन केवल भौगोलिक परिवर्तन नहीं होता, वह व्यक्ति की पहचान, स्मृतियों और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित करता है। इसलिए जब कोई परिवार दशकों बाद अपने मूल स्थान पर लौटता है तो वह केवल एक जगह पर नहीं लौटता, बल्कि अपनी जड़ों और इतिहास से पुनः जुड़ने का प्रयास करता है। मुर्रान में आयोजित पूजा-अर्चना का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भागीदारी रही। उपलब्ध जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर की सफाई, व्यवस्था और आयोजन की तैयारियों में सहयोग दिया। उन्होंने लौटकर आए कश्मीरी पंडितों का स्वागत किया और उनके साथ संवाद स्थापित किया। यह सहयोग केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि उसमें उन पुराने रिश्तों की झलक दिखाई दी जो कभी इस क्षेत्र की सामान्य सामाजिक वास्तविकता हुआ करते थे। जब विभिन्न समुदायों के लोग एक-दूसरे के धार्मिक and सांस्कृतिक आयोजनों का सम्मान करते हैं, तब समाज में विश्वास का वातावरण मजबूत होता है। मुर्रान की घटना इसी विश्वास की पुनर्स्थापना का संकेत देती है। कई लौटे हुए परिवारों ने अपने पुराने पड़ोसियों से मुलाकात की। वर्षों बाद हुए इन मिलनों में भावनाएं स्वाभाविक रूप से उमड़ पड़ीं। कुछ लोगों ने उन दिनों को याद किया जब पूरा गांव एक परिवार की तरह रहता था। कुछ ने अपने उन मित्रों को याद किया जिनके साथ उन्होंने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए थे। ऐसे अवसर यह दिखाते हैं कि राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मानवीय रिश्तों की स्मृतियां लंबे समय तक जीवित रहती हैं। यही स्मृतियां भविष्य में नए विश्वास का आधार भी बन सकती हैं। इस घटना का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पुलवामा का नाम पिछले कई वर्षों तक आतंकवाद, हिंसा और तनाव से जुड़ी खबरों में प्रमुखता से आता रहा है। देश और दुनिया के अनेक लोगों के मन में पुलवामा की पहचान संघर्ष और अस्थिरता से जुड़ी रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### योग



**रमावती पाण्डेय**

योग है औषधि
असाधारण,
रोग मुक्ति का
साधन।
दिनचर्या में
शामिल होकर,
स्वस्थ रखता है
तन मन।।
प्राणवायु की रक्षा करता,
मन में अद्भुत ताकत भरता।
अलिंद निलय के दूषित कण को,
पंच इंद्रियों से बाहर करता।।
मस्तिष्क में रक्त पहुंचाकर,
खुशियों के भाव जगाता योग।
चित्त में शांति भरकर,
जीवन सरस बनाता योग।।
योग तन को सबल बनाता,
योग मन को सुंदर,
योग मुख पर तेज बढ़ाता,
संयम हृदय के अंदर।।
मनोबल का वर्धन करता,
ओज तेज भी भरता योग।
तन मन में ऊर्जा भरकर,
जीवन सरल बनाता योग।।
ध्यान नींद जो छोटे लगते,
पर होते हैं बड़े भारी।
ये दोनों जब रूठ जायें तो,
होती बड़ी बीमारी।।
तन का साथी मन का साथी,
योग है जीवन का साथी।
योग निरोग करता है काया,
फटके न रोगों का साया।।
इड़ा पिंगला जग जाते जब,
दुख सुख सम लगता है।
कुंडलिनी जग जाती तो,
अनहद नाद बजता है।।
अनहद के इस परम सुख का,
रसपान जो मानव कर लेगा,
दुख में सुख के भाव जगेंगे,
सांसों को वश में कर लेगा।।
कलिकाल की महा औषधि,
बिन दामों के पाओ,
मुख तेज से दमक उठेगा,
योग अगर अपनाओ।।

## राष्ट्रीय नवीन मेल धर्म-अध्यात्म

### हमारे छोटे-से मन ईश्वर के सर्वशक्तिमान मन के अंश हैं



**श्री श्री परमहंस योगानंद**

यह हममें से प्रत्येक पर निर्भर है कि हम अपने बन्धनों को ज्ञान की तलवार से काट फेंकें या इनसे बँधे रहें। जीवन की भ्रान्तियों में से एक है असहाय होकर जीते रहना। जब आप कहते हैं, "इसका कोई लाभ नहीं," तब वैसा ही हो जाता है।... यह सोचना कि आप अपनी इच्छानुसार बदल नहीं सकते, एक भ्रम है। हमारे छोटे-से मन ईश्वर के सर्वशक्तिमान मन के अंश हैं। हमारी चेतना की लहर के नीचे उनकी चेतना का अनन्त सागर है। क्योंकि लहर यह भूल जाती है कि वह सागर का अंश है इसलिए वह सागर की शक्ति से अलग पड़ जाती है। परिणामस्वरूप, हमारे मन परीक्षणों तथा भौतिक सीमाओं द्वारा दुर्बल हो गए हैं। मन ने अपना कार्य करना बन्द कर दिया है। यदि आप इस पर थोपी गयी सीमाएँ हटा दें तो आप यह देखकर आश्चर्यचकित हो जाएँगे कि यह कितना कुछ कर सकता है। अपनी क्षमताओं को इस कहावत के अनुसार सीमित क्यों करते हो, "अपनी सामर्थ्य से अधिक करने का प्रयास न करो?" मेरा मत है कि आपको अपनी क्षमता से अधिक का दायित्व लेना चाहिए, और फिर उसे पूरा भी करना चाहिए ! मन एक लचीले फ़ीते की तरह है। जितना अधिक आप इसे खींचते हैं, उतना अधिक यह खिंच जाता है। मन रूपी लचीला फ़ीता कभी भी टूटेगा नहीं। प्रत्येक बार जब आप सीमितताओं को अनुभव करें, तो अपनी आँखें बन्द कर लें और स्वयं से कहें, "मैं अनन्त हूँ," तब आप देखेंगे कि आपमें कितनी शक्ति है। जब आप मुझसे कहते हैं कि आप यह कार्य अथवा वह कार्य नहीं कर सकते, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। आप जो भी कार्य करने का निश्चय कर लें, उसे कर सकते हैं।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# मेरे आदर्श और आकाश हैं मेरे पिता

**अलग बात**



**आलोक तुलस्यान**

पिता जैसे आकाश को धरती पर आदमी की भाषा में समेटते हुए कवि ओम व्यास कहते हैं :

**'पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है,**
**पिता छोटे से परिंदे का बड़ा आसमान है'।**

वास्तव में पिता एक ऐसा आसमान ही होता है जिसकी ऊंचाई और गहराई को बेटा ज़िंदगी भर मापने की कोशिश करता है और प्रायः असफल रहता है। इस ऊंचाई का कोई छोर जब जब बेटे के हाथ लगता है, आदर और कृतज्ञता से उसकी आंखें भर आती हैं। मेरे जीवन के प्रत्येक पृष्ठ पर मेरे पिता के प्रेम और करुणा के हस्ताक्षर हैं. उनकी बातें आज भी जीवन अंधकार में मेरी अचूक रोशनी का स्रोत हैं। आज मैं जो कुछ हूं और जो कुछ कर पाया हूं, वह मेरे पिताजी की देन है, उनकी शिक्षाओं का असर है, उनके आचरण का प्रभाव है। मेरी मासूम उंगलियों को थामकर पिता ने चलना सिखाया और उनके हाथों का स्पर्श आज भी मुझे थामे हुए है. पिताजी के सान्निध्य का प्रत्येक पल शिक्षाप्रद व प्रेरणादायक होता था। उनका साथ अनिर्णय और दुविधा, भ्रम और विचलन के व्यामोहों के धुंधलेपन को दूर करके बोध और स्पष्टता की रोशनी दिखाता था। प्रेरणा का एक बिंदु नहीं, अनेक प्रेरक बिंदुओं के सागर थे पिताजी। मैं उन अप्रतिम बिंदुओं को समाहित कर सकता हूं, तुलना नहीं कर सकता। बाल्य काल में पिताजी के साथ सुबह-सुबह बगीचे की सैर और गाय के थन से सीधे अपने मुंह में दूध की धार का माधुर्य आज तक मुझमें जीवंत है! मुझे स्मरण है, वहां जब मैं फूल-फल या सब्जी तोड़ता होता तब भी पिता जी की सहज सीखें मेरी जड़ें सींचती थी। कोलकता मेरी पढ़ाई के तीन-चार वर्षों में पिताजी के द्वारा प्रेषित अनेक प्रेरक पत्रों और उनके द्वारा भेजी गई 'तत्व विवेचनी गीता' (जय दयाल जी गोयन्दका द्वारा लिखित) ने मेरे संपूर्ण जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि दी और मेरा मानस प्रकाशित किया। इस माध्यम से पिता जी ने मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की उत्प्रेरणा दी। प्रारंभिक व्यावसायिक जीवन में हिदायत देते समय वे बोलतेः जहां तक स्पष्ट दिखे वहीं तक देखो लेकिन दूर तक देखने की कोशिश करते रहो'. वे इंसानी स्वभाव के अप्रतिम पारखी थे। व्यापार अथवा घर के कार्यों के लिए योग्य सहायक ढूंढ कर साथ लगा देना उनकी अनूठी कला होती थी। बिना बिगड़े या नाराज हुए ही चुपचाप किसी काम को संपन्न करा देना उनका हुनर था। उनका यह जोड़ देना कि 'अभी तो हम बैठे हैं, चिंता कैसी' मुझे श्रीकृष्ण के 'मा शुचः' सा आश्वासन प्रतीत होता था। प्रेम, धैर्य, करुणा और कभी कभी आवश्यक लेकिन ओढ़ी हुए कठोरता से उन्होंने मेरे जीवन को गति और मति प्रदान की। उनका स्मरण मात्र मुझे भावुक कर देता है...



**स्व. दामोदर प्रसाद तुलस्यान**

आज मेरे तीनों बच्चे उच्च शिक्षा युक्त हैं और अपने अपने क्षेत्रों में सफल हैं तो यह भी मेरे पिता जी का ही अवदान है। घर गृहस्थी का मेरुदण्ड स्त्री होती है। आज यदि मेरा दाम्पत्य जीवन संतुष्ट और आध्यात्मिकता की ओर आकृष्ट है तो यह भी मेरे पिताजी का ही दिव्य उपहार है। उन्होंने ही मेरे लिए सर्वथा योग्य जीवनसाथी का चयन किया। मेरे पिता बड़ी भूलों और असफलताओं पर भी विफरते नहीं थे। वे असफलता के अनुभव को भी जीवन में सफलता के लिए मूल्यवान मानते थे। यहां पर मुझे श्री अरविंद का एक अर्थपूर्ण कथन याद आता है -- 'उस आदमी का भरोसा मत करो जो कभी असफल न हुआ हो और जिसने पीड़ा न भोगी हो, उसके सौभाग्य का अनुगमन मत करो, उसके झंडे के नीचे मत लड़ो'। मेरे पिता मानते थे कि मनुष्य की मार्गदर्शक पथ की ठोकरें होती हैं। सीए की परीक्षा में मैं असफल हो गया था और पिता से संपर्क करने में संकोच कर रहा था तब स्वयं पिता जी ने ही मुझे पत्र भेजा। उन्होंने कहा, 'तुम्हारा पत्र नहीं आने से ही समाचार मिल गया था'! मेरा उत्साहवर्धन करने के लिए उन्होंने मिर्ज़ा अज़ीम बेग की शायरी उद्धत की :

**'गिरते हैं शहसवार ही मैदान-ए- जंग में**
**वो 'तिफ्ल क्या गिरे जो घुटनों के बल चले'।**

इस तरह पिता जी ने मेरी ग्लानि और निराशा को आत्मविश्वास और स्वाभिमान का स्वरूप दे दिया। एक व्यापारिक आदेश पर संभावित नुकसान की आशंका से मैं व्यथित हो गया था। पिता जी ने कहा "कितना नुकसान हो जाएगा, अधिकतम पूरे आदेश जितना और क्या".. और मेरे निरुत्साहित मन को पिता जी ने अप्रत्याशित रुप से प्रोत्साहित कर दिया था. उस प्रयोग में मुझे लाभ भी अच्छा हुआ था। पिता जी की कहानियां अनगिनत हैं। उनकी करुण कथा अनंत है। मैं आदर और कृतज्ञता से उन्हें नमन करता हूं।

## आज का दोहा

मायावी कर ही गए, अपना अपना काम।
दुनिया भी अब क्या करे, ठगे रह गए राम।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



### कोलकाता में योग दिवस कार्यक्रम का समापन, पीएम मोदी बोले-

# 'लोगों ने निभाया आदर्श नागरिक का कर्तव्य'



**एजेंसी। कोलकाता**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोलकाता में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का समापन हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के जरिए योग दिवस पर देश का नेतृत्व किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कोलकाता के नागरिकों का आभार भी व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "आज सुबह कोलकाता के रेड रोड पर योग दिवस का एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हर वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया और सभी के जीवन में योग के महत्व का एक अहम संदेश दिया। इस बार कार्यक्रम की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी, जिसमें हर उम्र में फिट और स्वस्थ रहने के लिए योग के महत्व पर जोर दिया गया।" उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "मैं इस साल के योग दिवस कार्यक्रम के लिए इतने शानदार मेजबान बनने पर कोलकाता के अपने भाइयों और बहनों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। इस जीवंत शहर में इसे मनाना सम्मान की बात है। योग दिवस से पहले पूरे शहर में स्वच्छता अभियान चलाए गए, जो बहुत प्रेरणादायक भी थे। कोलकाता के लोगों ने एक नागरिक के तौर पर अपने कर्तव्यों का पालन करने का एक बड़ा संदेश दिया है।" इससे पहले, पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "21 जून का ये दिन, पृथ्वी के कुछ भूभाग पर साल में सबसे लंबी अवधि का दिन होता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कारण 21 जून का ये दिन विश्व के सबसे बड़े सामूहिक उत्सव का दिन भी बन गया है। विश्व के अलग-अलग हिस्सों से योग की एक से एक अद्भुत तस्वीरें आ रहीं हैं। भारत में हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक, पूर्वोत्तर और पूरब में बंगाल से लेकर पश्चिम में सौराष्ट्र तक, पूरा देश योग की ऊर्जा से चैतन्य से भरा हुआ नजर आ रहा है।" उन्होंने कहा कि पूरा देश, पूरा विश्व एक दूसरे से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है और यही योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है, योग सबको साथ लाता है। मैं इस अवसर पर पूरे विश्व को, संपूर्ण मानव समुदाय को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजनाथ सिंह ने 1,000 सैनिकों के साथ किया योगाभ्यास



**शिलांग।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को मेघालय के शिलांग में ईस्टर्न एयर कमांड हेडक्वार्टर में भारतीय वायु सेना और सेना के लगभग 1,000 जवानों के साथ सामूहिक योग सत्र का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित किया गया था, जिसमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक मजबूती को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा, एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह (चीफ ऑफ द एयर स्टाफ), एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया (एयर ऑफ़िसर कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न एयर कमांड) और लेफ्टिनेंट जनरल मोहित वाधवा (जनरल ऑफिसर कमांडिंग, हेडक्वार्टर 101 एरिया) शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने योग को एक समग्र विज्ञान और जीवन जीने का ऐसा तरीका बताया जो लोगों को खुद से, समाज से, प्रकृति से और ईश्वर से जुड़ने में मदद करता है। रक्षा मंत्री ने कहा, "योग सिर्फ कसरत का एक रूप नहीं है।

## योग को वैश्विक मान्यता मानवता के लिए भारत का योगदान : उपराष्ट्रपति

**लद्दाख।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को लेह में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने नागरिकों से स्वस्थ, खुशहाल और शांतिपूर्ण समाज के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम का एक रूप नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए भारत की ओर से एक प्राचीन उपहार है। उन्होंने कहा कि वर्षों के ध्यान, तपस्या और आध्यात्मिक खोज के माध्यम से भारत के ऋषियों ने एक ऐसी प्रणाली विकसित की जो शरीर को पोषित करती है, मन को शांत करती है और आत्मा को उन्नत करती है।इस दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को श्रेय देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके आह्वान पर 175 से अधिक सदस्य देशों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था।

## योग विश्व चेतना को जोड़ने का सशक्त माध्यम : राष्ट्रपति मुर्मू

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हिस्सा लिया और योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को स्वयं और समाज से, समाज को प्रकृति से तथा संपूर्ण मानवता को विश्व चेतना से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने देशवासियों और विश्वभर के योग साधकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "जबलपुर की पावन धरती पर उपस्थित होकर मुझे प्रसन्नता हो रही है। मैं देश-विदेश में सक्रिय सभी योग साधकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देती हूं। आज हम भारत की उस महान परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता को स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग दिखाया है। योग विश्व समुदाय के लिए हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अमूल्य उपहार है।

## केंद्रीय मंत्रियों ने कहा, योग को सिर्फ एक दिन नहीं, 365 दिन की आदत बनाएं



**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर कई केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम के गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट पर आयोजित में भाग लिया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा भी मौजूद रहे। निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग' है, जो हर आयु वर्ग के लोगों के लिए योग के महत्व को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि योग केवल जीवनकाल बढ़ाने का नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की अवधि बढ़ाने का भी माध्यम है।



## दिल्ली में ओम बिरला से लेकर एस. जयशंकर तक ने किया योग

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर देश के कई वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य, फिटनेस और समग्र कल्याण का संदेश दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शांति पथ लॉन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लेकर योगाभ्यास किया।इस अवसर पर जेपी नड्डा ने सभी नागरिकों को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## योग मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार : कविंदर गुप्ता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शानदार आयोजन हुआ, जिसमें समाज के अलग-अलग वर्गों के 5,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने सामूहिक योग सत्र में भाग लिया। राज्यपाल ने योग को शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए एक अत्यंत प्रभावी साधन बताया। यह कार्यक्रम हिमाचल पुलिस ने राज्य के आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित किया था, जिसका मकसद स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवनशैली का संदेश फैलाना था। लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, "योग मानवता के लिए भारत का अनमोल उपहार है और शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है।

## पश्चिम बंगाल में ट्रेलर से टकराई यात्री बस, 4 की मौत, 57 घायल

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 57 यात्री घायल हो गए। इनमें से 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर मयनागुड़ी क्षेत्र के उल्लाडाबाड़ी इलाके में हुआ, जहां यात्रियों से भरी नॉर्थ बंगाल स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनबीएसटीसी) की बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर के पीछे जा टकराई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल 10 यात्रियों का इलाज चल रहा है। चार लोगों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।मृतकों में एक की पहचान साजल सरकार के रूप में हुई है, जबकि अन्य तीन की पहचान अभी नहीं हो सकी है। जलपाईगुड़ी की पुलिस अधीक्षक सुजाता कुमारी वीणापानी ने हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि की है।पुलिस के मुताबिक, 37 घायलों का इलाज जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चल रहा है, जबकि 20 अन्य घायलों को मयनागुड़ी ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अंग तस्करी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, 9 जगहों पर मारे छापे

**कोच्चि।** केरल में अवैध अंग तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौ स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए और आरोपियों से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। ईडी के कोच्चि जोनल कार्यालय ने 18 जून को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत यह कार्रवाई की। जांच के दायरे में केरल में फैला बड़े पैमाने का अवैध अंग तस्करी नेटवर्क और एर्नाकुलम के अस्पतालों में हुए अवैध अंग प्रत्यारोपण शामिल हैं।

## पूर्व प्रथम महिला किम के खिलाफ रिश्वत मामले में फैसला इस सप्ताह

**एजेंसी। सोल**



दक्षिण कोरिया में पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पत्नी और पूर्व प्रथम महिला किम कीओन ही के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार मामले में इस सप्ताह अदालत अपना फैसला सुनाने जा रही है। सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट शुक्रवार को दोपहर 2 बजे इस मामले में सजा सुनाने वाली सुनवाई करेगी। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, किम पर आरोप है कि उन्होंने नौकरी की नियुक्तियों और व्यावसायिक लाभों के बदले में महंगे उपहार स्वीकार किए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह मामला 2022 से जुड़े घटनाक्रमों से संबंधित है, जब उन्हें विभिन्न व्यक्तियों से महंगे गिफ्ट्स प्राप्त हुए। शुक्रवार को दो बजे इस केस पर फैसला आने की उम्मीद है। न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। अभियोग के अनुसार, किम पर 10 करोड़ वॉन (लगभग 65,231 अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य के आभूषण लेने का आरोप है, जिसमें वैन क्लीफ एंड अर्पेल्स का हार भी शामिल है, जिसे एक निर्माण कंपनी के प्रमुख ने अपनी रिश्तेदारी के लिए सरकारी पद की मांग के बदले दिया था। इसके अलावा, उन पर राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के पूर्व प्रमुख से 'सोने का कछुआ' उपहार लेने का भी आरोप है, जो कथित रूप से नियुक्तियों से जुड़ा हुआ था। एक अन्य मामले में, उन पर एक पादरी से डियोर बैग और एक व्यवसायी से 'वचेरॉन कॉन्स्टेंटिन' घड़ी प्राप्त करने के आरोप भी लगे हैं।

## अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चलती है कांग्रेस: शहजाद पूनावाला



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में सच बोलने वालों को निशाना बनाया जाता है और शशि थरूर भी इसी का शिकार हो रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पार्टी लंबे समय तक अंग्रेजों की "फूट डालो और राज करो" की नीति पर चलती रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ब्रिटिश विचारधारा की वास्तविक उत्तराधिकारी है, क्योंकि इसका गठन ब्रिटिश शासनकाल में हुआ था और इसके शुरुआती नेतृत्व में ब्रिटिश प्रशासन से जुड़े लोग शामिल थे। शशि थरूर के हालिया बयान का उल्लेख करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर थरूर ने कांग्रेस के उस दावे को गलत साबित कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश यात्रा के दौरान भारतीय नाविकों और संबंधित मुद्दों को नहीं उठाया। पूनावाला ने कहा कि थरूर ने स्पष्ट रूप से बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का पक्ष मजबूती से रखा और संबंधित मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि डॉ. थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शी सोच और प्रभावशाली वक्तृत्व कला की भी सराहना की।

## सीफूड यूनिट में अमोनिया लीक होने से छह की मौत

**एजेंसी। चेन्नई**



● सीएम विजय ने दिए जांच के आदेश

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में पेरियापलायम के पास एक सीफूड एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग यूनिट में रविवार को अमोनिया गैस लीक होने से कम से कम छह मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। तमिलनाडु सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस और ऑफिशियल सूत्रों के मुताबिक यह लीक सीफूड प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट फैसिलिटी में हुआ, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक काम करते हैं। घटना के समय असम, ओडिशा और झारखंड की महिलाओं समेत करीब 120 वर्कर फैक्ट्री परिसर में मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध अमोनिया लीक यूनिट के रेफ्रिजरेशन या प्रोसेसिंग सिस्टम से शुरू हुआ और तेजी से फैसिलिटी के कुछ हिस्सों में फैल गया। गैस के संपर्क में आने वाले वर्करों को सांस लेने में बहुत दिक्कत, चक्कर आना और जलन होने लगी। कुछ के मुंह और नाक से खून बहने की खबर है जो इस बात का संकेत है कि यह गैस कितनी गंभीर थी। परिसर में दहशत फैल गई क्योंकि श्रमिक बचने के लिए बाहर भागे जबकि कुछ गैस के प्रभाव के चलते गिर पड़े। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, पुलिसकर्मी और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। प्रभावित वर्करों को शुरू में इमरजेंसी इलाज के लिए पास के प्राइवेट अस्पतालों में ले जाया गया।

## टूटी पसलियों के बावजूद नीट री-एग्जाम में बैठी छात्रा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की विशेष व्यवस्था

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की पहल से गंभीर रूप से घायल एक नीट अभ्यर्थी को रविवार को कोलकाता में आयोजित री-एग्जाम में शामिल होने का अवसर मिला। छात्रा के परिवार ने इस मानवीय पहल के लिए शिक्षा मंत्री का आभार जताया। श्रृष्टि दुबे ने कोलकाता के धाकुरिया स्थित बिनोदिनी गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर विशेष व्यवस्था के तहत परीक्षा दी। उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें अलग कमरे में बैठाया गया तथा मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई गई। परीक्षा केंद्र पर एंबुलेंस भी तैनात रखी गई थी। परीक्षा शुरू होने के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्वयं छात्रा के पिता को फोन कर उनकी बेटी की स्थिति और परीक्षा के बारे में जानकारी ली। श्रृष्टि के पिता श्रीराम शिवजी दुबे एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। उन्होंने मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा, "आपकी मदद की वजह से ही मेरी बेटी आज परीक्षा दे पा रही है।"छात्रा की मां ने भी मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि 14 जून को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी बेटी परीक्षा दे सकेगी। उन्होंने कहा, "डॉक्टरों ने हमें विशेष अनुमति के लिए आवेदन करने की सलाह दी थी, ताकि वह अस्पताल के कपड़ों और मेडिकल उपकरणों के साथ परीक्षा में शामिल हो सके।" धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करे और भविष्य में डॉक्टर बनकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करे।

### नीट अभ्यर्थियों को असुविधा न हो, 45 मिनट एयरपोर्ट पर रुके रहे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट-यूजी 2026 री-एग्जाम में शामिल होने वाले छात्रों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर कुछ समय तक इंतजार किया और परीक्षा शुरू होने के बाद ही अपने आधिकारिक आवास के लिए रवाना हुए।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 12वें संस्करण के मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व करने के बाद कोलकाता से लौटे प्रधानमंत्री मोदी का विमान दोपहर करीब 1:15 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा। उन्हें वहां से सीधे अपने सरकारी आवास जाना था। हालांकि, नीट-यूजी 2026 की परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होने वाली थी। ऐसे में प्रधानमंत्री ने निर्णय लिया कि वे हवाई अड्डे पर ही रुकेंगे, ताकि उनके काफिले की आवाजाही के कारण परीक्षा केंद्रों की ओर जा रहे छात्रों को यातायात संबंधी किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आरा एनकाउंटर मामले की न्यायिक जांच कराने का निर्णय स्वागत योग्य : बिहार पुलिस




**पटना।** आरा एनकाउंटर मामले पर विवाद उत्पन्न होने के बाद सत्यता और सच्चाई सामने लाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने का निर्णय स्वागत योग्य है। बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह के अनुसार, देश के शीर्ष राष्ट्रीय समाचार चैनलों द्वारा दिल्ली से आरा मुद्दे पर डिबेट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। मैंने यह कहते हुए आमंत्रण अस्वीकार कर दिया कि अब मामला न्यायिक जांच के अधीन है, इसलिए इस पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। परंतु एक बात अवश्य कहना चाहूंगा कि जब भी पुलिस कोई सराहनीय कार्य करती है तो जिले के पुलिस अधीक्षक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वयं टीम लीडर के रूप में उसका श्रेय लेते हैं। थानाध्यक्ष, इंस्पेक्टर, दरोगा को साथ खड़ा करके और डीएसपी को बैठाकर हर जिले में एसपी दिखाई देते हैं। अच्छे कार्यों के लिए सरकार/पुलिस मुख्यालय द्वारा एसपी को सम्मानित किया जाता है। पुलिस की कई बड़ी उपलब्धियों में टीम लीडर के रूप में जिले के एसपी राष्ट्रपति वीरता पदक भी प्राप्त करते रहे हैं। यह सर्वविदित है कि अपराधियों के विरुद्ध जिले में कोई भी छापेमारी या रणनीतिक कार्रवाई पुलिस अधीक्षक की निगरानी, सूचना एवं निर्देशन में ही होती है। आरा का मामला तो दो दिनों से सुर्खियों में था, जिसकी मॉनिटरिंग निश्चित रूप से जिले के एसपी के संज्ञान और निर्देशन में हो रही होगी।





## 'टीम भारत' के सामूहिक प्रयास से संपन्न हुई नीट पुनर्परीक्षा : एनटीए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने रविवार को कहा कि नीट (यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं थी, बल्कि "टीम भारत" के सामूहिक प्रयास का उदाहरण थी, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों, सुरक्षा एजेंसियों, विभिन्न मंत्रालयों, शैक्षणिक संस्थानों और लाखों अधिकारियों ने मिलकर 20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के लिए निष्पक्ष और सुचारू परीक्षा सुनिश्चित की। एनटीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर एक विस्तृत पोस्ट में बताया कि 21 जून को देशभर के 5,440 परीक्षा केंद्रों और विदेशों के 14 केंद्रों पर 20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने नीट (यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा दी। परीक्षा का आयोजन हिंदी और अंग्रेजी सहित 13 भाषाओं में किया गया। एनटीए ने कहा कि यह केवल एजेंसी का प्रयास नहीं था, बल्कि "टीम भारत" की ऐसी श्रृंखला थी, जिसमें देशभर के हजारों लोगों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई ताकि परीक्षा के दिन प्रत्येक अभ्यर्थी का पूरा ध्यान केवल प्रश्नपत्र पर केंद्रित रहे। एजेंसी के अनुसार, 10,000 से अधिक दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। इसके अलावा करीब 81 ऐसे छात्रों के लिए भी अलग इंतजाम किए गए, जो गंभीर चिकित्सीय परिस्थितियों का सामना कर रहे थे। इनमें सड़क दुर्घटना में घायल एक छात्र और कीमोथेरेपी से गुजर रहा एक छात्र भी शामिल था। एनटीए ने कहा कि इन अभ्यर्थियों तक परीक्षा की सुविधा पहुंचाने के लिए विशेष स्तर की योजना और समन्वय की आवश्यकता पड़ी।

### नौसेना में आईएनएस अग्रय, दूनागिरी और संशोधक शामिल

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि : प्रधानमंत्री

- **मोदी ने कहा, भू-राजनीतिक खतरों के विरुद्ध तटीय जलक्षेत्र की सुरक्षा सुदृढ़ होगी**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित तीन नौसैनिक जहाजों-उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी, सर्वेक्षण पोत (बड़ा) आईएनएस संशोधक, और पनडुब्बी रोधी उथले जल पोत आईएनएस अग्रय—का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने इसको समुद्रों में राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि आज कोलकाता में आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रे को सेवा में शामिल किया गया। ये भारत की बढ़ती समुद्री क्षमताओं, समुद्रों में राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के मार्गदर्शन में रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रही उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाते हैं।

इससे पहले उन्होंने कहा कि इन जहाजों के शामिल होने से देश की परिचालनगत क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, समुद्री क्षेत्र की जागरूकता बढ़ेगी और भू-राजनीतिक खतरों के विरुद्ध तटीय जलक्षेत्र की सुरक्षा सुदृढ़ होगी। तीनों जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया था और कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित किया गया था। इसमें 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सहित भारतीय उद्योग की व्यापक भागीदारी थी। 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री वाले ये जहाज आत्मनिर्भरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी हैं।

प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर विश्व भर में मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के साथ-साथ आया है। उन्होंने बंगाल की ऐतिहासिक भूमि पर आने का अवसर पाकर प्रसन्नता व्यक्त की, जिसने भारत के बौद्धिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पुनर्जागरण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सदियों से समुद्री मार्गों के माध्यम से भारत को विश्व से जोड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत, सुरक्षित भारत और विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि 21 जून विश्व स्तर पर विश्व जलविज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे एक उल्लेखनीय संयोग बताया कि भारत का सबसे उन्नत जलविज्ञानीय सर्वेक्षण पोत, आईएनएस संशोधक, इसी दिन सेवा में शामिल किया गया है। भारतीय नौसेना, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, श्रमिकों और देश के सभी नागरिकों को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की बढ़ती प्रौद्योगिकीय और समुद्री क्षमताओं को दर्शाती है।

उन्होंने आधुनिक विश्व में समुद्री शक्ति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मजबूत समुद्री क्षमताओं के बिना कोई भी राष्ट्र एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर नहीं सकता। विकास, सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई हैं। विश्व का अधिकांश व्यापार समुद्री मार्गों से होता है, जबकि विशाल वैश्विक डेटा नेटवर्क महासागरों के नीचे संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज, गहरे समुद्र के संसाधन और ऊर्जा के भविष्य के स्रोत तेजी से समुद्री क्षेत्र से जुड़ते जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र का आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव सीधे उसके समुद्री क्षेत्र की मजबूती से जुड़ा हुआ है।

# 12 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का अचूक वर्गीकरण करेगा 'हेटेएरोज' एआई

- **बिना जीनोमिक टेस्ट, डिजिटल पैथोलॉजी से तय होगी ट्यूमर की कुंडली**

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** ब्रेन ट्यूमर का निदान केवल एक पैथोलॉजिकल रिपोर्ट नहीं है, बल्कि यह किसी भी परिवार के लिए एक मानसिक और आर्थिक भूकंप की तरह होता है। ट्यूमर सौम्य (Benign) है या घातक (Malignant), और उसका सटीक उपप्रकार क्या है-यही वह धुरी है जिस पर न्यूरोसर्जन अपनी उपचार रणनीति तैयार करते हैं। वर्तमान चिकित्सा व्यवस्था में इस स्तर की बारीक पहचान के लिए 'आणविक या जीनोमिक परीक्षण' अनिवार्य है। यह प्रक्रिया बेहद जटिल है, जिसके कारण रिपोर्ट आने में 10 से 14 दिन का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है। कैंसर जैसी आक्रामक बीमारी में, जहाँ कोशिकाएं हर सेकंड विभाजित हो रही हों, यह दो हफ़्तों का इंतज़ार मरीज़ के जीवन पर भारी पड़ता है। इसी गतिरोध को तोड़ने के लिए नेचर कैंसर जर्नल में प्रकाशित एक ऐतिहासिक शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने 'हेटेएरोज' नामक एक क्रांतिकारी, डीप-लर्निंग एआई मॉडल विकसित किया है। यह तकनीक समय, लागत व भौगोलिक सीमाओं को लांघकर चिकित्सा जगत को एक नया संबल देती है।

### एआई बनाम इंसानी विशेषज्ञ

इस एआई मॉडल की प्रमाणिकता और क्षमता को वैश्विक स्तर पर सिद्ध करने के लिए दुनिया के 4 महाद्वीपों के 11 शीर्ष चिकित्सा संस्थानों से 9,606 मरीज़ों की 11,000 से अधिक डिजिटल पैथोलॉजी स्लाइड्स का एक विशाल डेटासेट तैयार किया गया।

जब इस मॉडल का परीक्षण किया गया, तो इसके परिणाम विस्मयकारी और क्रांतिकारी थेः

- सटीकता का अभूतपूर्व स्तर: सेंट्रल नर्वस सिस्टम और ब्रेन ट्यूमर के 102 अलग-अलग प्रकारों की पहचान करने में इस मॉडल ने 68% से 87% तक की अचूक सटीकता प्रदर्शित की।
- विशेषज्ञों से श्रेष्ठ प्रदर्शन: एक कड़े परीक्षण में, जहाँ केवल स्लाइड की तस्वीरों के आधार पर ट्यूमर की पहचान करनी थी, वहाँ पाँच वैश्विक न्यूरोपैथोलॉजिस्ट्स की औसत सटीकता 30% रही, जबकि 'हेटेएरोज' ने 68% सटीकता के साथ उन्हें पीछे छोड़ दिया।
- समय का विलोपन: जिस आणविक जांच की रिपोर्ट के लिए औसतन 12 दिन (288 घंटे) लगते हैं, यह मॉडल उसे मात्र 12 मिनट में संसाधित कर देता है।

| मानक (Parameters) | पारंपरिक विधि / विशेषज्ञ | 'हेटेएरोज' एआई मॉडल |
|---|---|---|
| रिपोर्ट आने का समय | 12 दिन (औसतन) | 12 मिनट |
| केवल स्लाइड पर पहचान की सटीकता | 30% (विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा) | 68% से 87% |
| आवश्यक बुनियादी ढांचा | महँगी जीनोमिक लैब | सिर्फ डिजिटल इमेज |

### मगध व भारत के ग्रामीण अंचलों के लिए संजीवनी

भारत के संदर्भ में, विशेषकर मगध जैसे क्षेत्रों और ग्रामीण परिवेश में, जहाँ आज भी उन्नत जीनोमिक लैब और सुपर-स्पेशियलिटी कैंसर अस्पताल केवल बड़े महानगरों तक सीमित हैं, यह तकनीक एक वरदान की तरह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विकासशील देशों में कैंसर से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण सही समय पर सही इलाज न मिलना है।'हेटेएरोज' की सबसे बड़ी मानवीय खूबी यह है कि इसके लिए किसी करोड़ों रुपये के इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता नहीं है। किसी भी स्थानीय लैब का तकनीशियन साधारण माइक्रोस्कोप के नीचे रखी स्लाइड की एक डिजिटल तस्वीर लेकर इस एआई प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर सकता है।

### एक सहायक है, विकल्प नहीं

वैज्ञानिकों ने इस बात को पुरजोर तरीके से रेखांकित किया है कि यह तकनीक डॉक्टरों को प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं है। अंतिम निर्णय, क्लिनिकल सूझबूझ और संवेदना हमेशा एक चिकित्सक की ही रहेगी। परंतु, यह एआई डॉक्टरों को एक ऐसा शक्तिशाली 'सह-पायलट' प्रदान करता है, जो शुरुआती स्तर पर ही ट्यूमर के व्यवहार का संकेत दे देता है। इससे न्यूरोसर्जन बिना समय गंवाए लक्षित थेरेपी शुरू कर सकते हैं। चिकित्सा और एआई का यह संगम आने वाले वर्षों में कैंसर के इलाज को लोकतांत्रिक, वहनीय और त्वरित बनाकर वैश्विक स्तर पर लाखों परिवारों को एक नया जीवनदान देगा।

## भारत 25-26 जून 2026 को 11वीं ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** भारत 2026 की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत 25-26 जून 2026 को गुरुग्राम, हरियाणा में 11 वीं ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। इस बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और नवाचार पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सभी ब्रिक्स सदस्य देशों के ऊर्जा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी एक साथ आएंगे। यह जानकारी विद्युत मंत्रालय द्वारा रविवार को दी गई। भारत की यह चौथी ब्रिक्स अध्यक्षता है, इससे पहले वह 2012, 2016 और 2021 में भी इस अध्यक्षता का हिस्सा रह चुका है। मंत्रालय ने कहा कि 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण (ब्रिक्स)" के व्यापक विषय द्वारा निर्देशित है। ऊर्जा ट्रैक के अंतर्गत, भारत ने " सर्वेषां ऊर्जम " (सभी के लिए ऊर्जा) विषय को अपनाया है, जो सार्वभौमिक ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ब्रिक्स देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# दस साल में नीट : बढ़ते सपने, घटता भरोसा

-ब्यूरो

### एनटीए बनाम गैर-एनटीए : क्यों सवाल उठ रहे हैं?

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) का गठन 2018 में इस उद्देश्य से किया गया था कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सक्षम और विश्वसनीय बनाया जा सके। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में UGC-NET, NEET, CUET और CSIR-NET जैसी परीक्षाओं को लेकर बार-बार विवाद सामने आने से एजेंसी की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठे हैं। संसदीय समितियों ने भी समय-समय पर NTA की व्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त की है। इसके विपरीत UPSC, JEE Advanced और CAT जैसी परीक्षाओं का हालिया रिकॉर्ड अपेक्षाकृत अधिक साफ दिखाई देता है। इसका यह अर्थ नहीं है कि NTA पूरी तरह विफल संस्था है, लेकिन यह जरूर दर्शाता है कि जहां बार-बार विवाद और सुरक्षा संबंधी सवाल सामने आते हैं, वहां व्यवस्था की मजबूती और जवाबदेही पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

**नई दिल्ली।** पेपर लीक के कारण 21 जून 2026 को लगभग 24 लाख लाख छात्रों को दुबारा नीट परीक्षा देनी पड़ी। वह परीक्षा जो बीते एक दशक में देश की सबसे बड़ी और सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में बदल चुकी है। 2016 में जहां लगभग 8 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे, वहीं 2020 तक यह संख्या बढ़कर करीब 15 लाख पहुंच गई। 2024 में 23 लाख से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी और 2025-26 तक यह आंकड़ा लगभग 24 लाख के करीब पहुंच चुका है। यानी महज दस वर्षों में अभ्यर्थियों की संख्या लगभग तीन गुना हो गई है। यह आंकड़ा बताता है कि डॉक्टर बनने का सपना देश के युवाओं के बीच कितना बड़ा हो चुका है। दूसरी ओर मेडिकल सीटों में भी वृद्धि हुई है। 2014 में देश में करीब 54 हजार MBBS सीटें थीं, जो 2026 तक बढ़कर 1.18 लाख से अधिक हो गईं। लेकिन वास्तविकता यह है कि परीक्षा देने वाले लगभग 24 लाख छात्र हैं और सीटें केवल 1.18 लाख के आसपास। इसका अर्थ है कि हर 100 अभ्यर्थियों में से केवल 5 को ही MBBS में प्रवेश मिल पाएगा। बाकी छात्रों को फिर कोचिंग संस्थानों का रुख करना होगा, दोबारा फीस देनी होगी, एक और साल की तैयारी करनी होगी और उसी तनाव, दबाव तथा अनिश्चितता से गुजरना होगा जो आज भारतीय प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी त्रासदी बन चुका है।

### पेपर लीक का एक दशक का अध्याय

इस बीच देश ने एक और चिंताजनक प्रवृत्ति देखी है—परीक्षाओं में पेपर लीक की लगातार सामने आती घटनाएं। सरकारें बदलती रहीं, एजेंसियां बदलती रहीं, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकीं। 2015 में AIPMT परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद सुप्रीम कोर्ट को परीक्षा रद्द कर दोबारा कराने का आदेश देना पड़ा था। उस समय पूरे देश ने उम्मीद की थी कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके बाद 2021 में NEET को लेकर भी पेपर लीक के आरोप सामने आए, हालांकि बड़े पैमाने पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। लेकिन 2024 में मामला राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया। हजारीबाग से लेकर पटना तक जांच एजेंसियों ने ऐसे नेटवर्कों का खुलासा किया जिन पर लाखों रुपये लेकर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के आरोप लगे। CBI जांच हुई, गिरफ्तारियां हुईं, चार्जशीट दाखिल हुई, संसद में बहस हुई और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। इसके बावजूद व्यवस्था यह भरोसा पैदा नहीं कर सकी कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। परिणामस्वरूप 2026 में फिर विवाद सामने आया, फिर परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठे और फिर लाखों छात्रों के मन में संदेह और असुरक्षा की वही पुरानी पीड़ा लौट आई।

### जवाबदेही किसकी?

यह प्रश्न राजनीतिक भी है और लोकतांत्रिक भी। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि पेपर लीक की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। यह तथ्य अपनी जगह सही हो सकता है, लेकिन इससे वर्तमान की जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती। यदि किसी समस्या का अस्तित्व अतीत में भी रहा है, तो जनता की अपेक्षा यह होती है कि वर्तमान व्यवस्था उसे कम करे या समाप्त करे, न कि उसे सामान्य मानकर स्वीकार कर ले। लोकतंत्र में सत्ता केवल उपलब्धियों का श्रेय लेने के लिए नहीं होती, बल्कि विफलताओं की जवाबदेही भी उसी के हिस्से आती है। NTA केंद्र सरकार द्वारा स्थापित संस्था है और उसकी नीतियां, निगरानी व्यवस्था, नियुक्तियां तथा सुधार प्रक्रिया अंततः सरकार की जिम्मेदारी के दायरे में आते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि पूरी जिम्मेदारी केवल किसी एक व्यक्ति, प्रधानमंत्री या किसी एक सरकार पर डाल दी जाए। दरअसल दोष और जिम्मेदारी की श्रृंखला कहीं अधिक व्यापक है, जिसमें पेपर लीक माफिया, भ्रष्ट अधिकारी, कमजोर निगरानी तंत्र, प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक उदासीनता सभी शामिल हैं। साथ ही वह सामाजिक मानसिकता भी, जो हर बड़े घोटाले को कुछ समय बाद सामान्य मान लेने लगती है।सबसे खतरनाक स्थिति तब पैदा होती है जब समाज किसी समस्या को समस्या मानना ही छोड़ देता है। जब किसी छात्र की आत्महत्या पर यह कह दिया जाता है कि प्रतियोगिता में ऐसा होता रहता है, जब किसी कर्ज में डूबे पिता की पीड़ा को यह कहकर टाल दिया जाता है कि सिस्टम ऐसा ही है, और जब लाखों छात्रों की मेहनत पर प्रश्नचिह्न लगने के बाद भी कुछ लोग कहते हैं कि पेपर लीक तो पहले भी होते थे, तब समस्या केवल परीक्षा प्रणाली की नहीं रह जाती, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता की बन जाती है। भारत में डॉक्टरों की कमी है, मेडिकल सीटों की कमी है, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी है, लेकिन इन सबके बीच सबसे बड़ी कमी भरोसे की है। जब छात्रों को लगने लगे कि मेहनत से ज्यादा जुगाड़ ताकतवर है, जब गरीब परिवारों को लगने लगे कि ईमानदार रास्ता सबसे कमजोर रास्ता बन गया है और जब माता-पिता को महसूस होने लगे कि उनका बच्चा अपनी मेहनत से नहीं बल्कि व्यवस्था की खामियों से हार गया, तब राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी-उसके युवाओं का विश्वास-टूटने लगता है।यही कारण है कि पेपर लीक को केवल एक आपराधिक घटना या परीक्षा संबंधी गड़बड़ी मानकर नहीं देखा जा सकता। यह करोड़ों सपनों, वर्षों की मेहनत और देश के भविष्य के खिलाफ अपराध है। जब तक इसे व्यवस्था की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक मानकर नहीं देखा जाएगा, तब तक हर साल कोई न कोई मां अपने बच्चे की किताबों के बीच बैठकर यही पूछती रहेगी-"मेरे बच्चे की गलती क्या थी?" और दुर्भाग्य से इस सवाल का जवाब किसी प्रश्न पत्र में नहीं मिलेगा।




## आरएसएस कार्यालय पेट्रोल बम कांड, अमन अंसारी का कबूलनामा

# दुबई से जुड़े थे तार, यूपी दहलाने की थी योजना

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय पर पेट्रोल बम हमले के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी अमन अंसारी उर्फ गोलू के पुलिस के समक्ष दिए गए बयान से साजिश की कई परतें सामने आई हैं। पुलिस के अनुसार, अमन ने पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और जांच में इस मामले के तार दुबई, पंजाब, झारखंड और उत्तर प्रदेश तक जुड़ने की बात सामने आई है।पुलिस के मुताबिक, कथित साजिश का उद्देश्य झारखंड में बड़ी घटना को अंजाम देने के बाद उत्तर प्रदेश के कानपुर और लखनऊ में भी वारदात करने की योजना बनाना था। जांच एजेंसियां अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हैं।

पुलिस के अनुसार, करीब 21 वर्षीय अमन अंसारी मूल रूप से लातेहार जिले का रहने वाला है और वर्तमान में लोहरदगा की न्यू आजाद बस्ती में रह रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उसने कम उम्र में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके बाद वह काम की तलाश में मुंबई गया और फिर दुबई पहुंचा, जहां उसने एसी मैकेनिक के रूप में काम किया। पुलिस के अनुसार, दुबई में रहने के दौरान वह कुछ लोगों के संपर्क में आया।

भारत लौटने के बाद कथित रूप से उसे पैसों का लालच देकर साजिश में शामिल किया गया।

जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि अमन को कथित तौर पर झारखंड में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए युवाओं को जोड़ने का निर्देश दिया गया था। पुलिस के अनुसार, उसे पंजाब जाकर हथियार लाने की जिम्मेदारी भी दी गई थी। अमन ने अपने दो साथियों को भी इस योजना में शामिल किया। हालांकि, हथियार उपलब्ध नहीं होने के बाद योजना में बदलाव किया गया और वापस झारखंड लौटने को कहा गया। पुलिस के मुताबिक, 16 जून को अमन और उसके साथियों ने रांची पहुंचकर पेट्रोल और बोतलें खरीदीं।

इसके बाद कांटाटोली स्थित एक होटल के कमरे में पेट्रोल बम तैयार किए गए। जांच के अनुसार, आरोपियों ने आरएसएस कार्यालय को निशाना बनाया। पुलिस का कहना है कि वारदात का वीडियो बनाकर कथित रूप से भेजने का निर्देश भी दिया गया था। पहला पेट्रोल बम नहीं फटने के बाद दूसरा बम फेंके जाने की बात सामने आई है।

### हमले के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश

पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपियों ने पहचान छिपाने के लिए कपड़े बदले और पुराने कपड़ों को छिपाने का प्रयास किया। इसके बाद उन्हें झारखंड छोड़कर उत्तर प्रदेश जाने का निर्देश मिलने की बात जांच में सामने आई है।

पुलिस ने मामले में मोबाइल फोन, व्हाट्सएप चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे मामले में शामिल अन्य आरोपियों और कथित नेटवर्क की भूमिका की भी जांच की जा रही है।





***कल्पना सोरेन** ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने ससुर गुरुजी को याद करते उनके साथ अपने माता पिता और दोनों बच्चों की तस्वीर पोस्ट की है।*

# विपक्ष कर रहा लोकतांत्रिक सरकार को अस्थिर करने की कोशिश: कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने सरयू राय के सुझाव और बयान पर कड़ा पलटवार किया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने तीखा सवाल दागते हुए कहा कि झारखंड में सरकार बनाने का जो फॉर्मूला सरयू राय दे रहे हैं, क्या उसके लिए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुमति ले ली है?



कांग्रेस महासचिव ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के बाद भाजपा और एनडीए नेताओं की सत्तालोलुपता भी साफ देखी जा सकती है, लेकिन वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने का जनादेश दिया था और आने वाले समय में भी बीजेपी का नापाक मंसूबा झारखंड में सफल नहीं होगा। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि सरयू राय को सबसे पहले जनता को यह बताना चाहिए कि वे किस गठबंधन और किस पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर आए हैं। उन्होंने कहा कि वे जिस समर्थन की बात कर रहे हैं, क्या उनके साथ पूरा एनडीए गठबंधन भी इस ओर कदम बढ़ा रहा है, या फिर यह सिर्फ उनकी व्यक्तिगत कल्पना मात्र है?

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि विपक्ष चाहे जितने हथकंडे अपना ले, चुनी हुई सरकार को गिराने की उनकी मंशा कभी कामयाब नहीं होगी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि राजनीति में नए साथियों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन क्या इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दल राजद और भाकपा-माले भी इस बात से सहमत हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने की साजिश रच रहा है। शाहदेव ने साफ तौर पर कहा कि सरयू राय जो फॉर्मूला पेश कर रहे हैं, उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है।

### रांची में कारोबारी ने की खुदकुशी

**रांची।** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर के बैंक कॉलोनी में एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में कुछ लोगों पर आर्थिक लेन-देन और कारोबारी विवाद को लेकर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

# आजसू के 41वें स्थापना दिवस पर निकलेगा मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

- झारखंड के अलावा ओडिशा, बंगाल से भी पहुंचेंगे कार्यकर्ता
- सुदेश महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी सभा को करेंगे संबोधित



**रांची।** आजसू के 41 वें स्थापना दिवस पर सोमवार को धनबाद में जनाक्रोश मार्च निकाला जाएगा और झारखंड से भ्रष्ट एवं माफिया राज खत्म करने के लिए उलगुलान का आगाज किया जाएगा। जनाक्रोश मार्च में आजसू प्रमुख सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो समेत झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से सभी केंद्रीय नेता तथा हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। झारखंड आंदोलनकारी तथा आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वय प्रवीण प्रभाकर एवं हसन अंसारी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आजसू स्थापना दिवस–सह–जनाक्रोश मार्च के आयोजन की जानकारी दी। इस मौके पर केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान भी मौजूद थे।

आजसू ने 1989 में केंद्र को वार्ता के लिए मजबूर किया : प्रवीण प्रभाकर

केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि झारखंड राज्य आजसू के संघर्ष और आंदोलनकारियों की कुर्बानी का परिणाम है। 1986 में आजसू के गठन के बाद झारखंड आंदोलन को नया तेवर मिला।

आजसू की बंदी-आर्थिक नाकेबंदी ने 1989 में केंद्र सरकार को पहली बार वार्ता के लिए मजबूर किया। वार्ता के परिणामस्वरूप केंद्र ने झारखंड समस्या के अध्ययन के लिए झारखंड विषयक समिति का गठन किया। इसके बाद 1995 में जैक बना, जिसे आजसू ने खारिज कर दिया। 1999 में आजसू के एनडीए में शामिल होने के बाद अलग राज्य बना और उसका नामकरण झारखंड हुआ। झारखंड बनने के बाद नई राजनीतिक भूमिका में आजसू पार्टी नामकरण किया गया।

## दृष्टिपात

### रांची में पांच सब इंस्पेक्टरों का तबादला, एसएसपी कार्यालय ने जारी किया आदेश

**रांची।** जिले में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से एसएसपी कार्यालय की ओर से पांच सब इंस्पेक्टरों का तत्काल प्रभाव से तबादला किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सभी स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों को बिना किसी विलंब के अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने और अनुपालन प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। आदेश के तहत सुनील कुमार गौड़ को पुलिस लाइन से नामकुम थाना भेजा गया है। वहीं उपेन्द्र कुमार दास का स्थानांतरण पुलिस लाइन से पुंदाग ओपी किया गया है। मिथुन कुमार को नामकुम थाना से पुंदाग ओपी, गौतम कुमार को नामकुम थाना से चान्हो थाना तथा अनुज प्रसाद यादव को चान्हो थाना से पुलिस केन्द्र लाइन पदस्थापित किया गया है। एसएसपी कार्यालय ने सभी अधिकारियों को नए दायित्वों का शीघ्र कार्यभार संभालने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार यह फेरबदल जिले में बेहतर पुलिसिंग और कार्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में किया गया है।

### विधायक सीपी सिंह ने उद्योगपति विजय छापरिया को किया सम्मानित



**रांची।** लघु उद्योग भारती के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष विजय छापरिया के आवास पर रांची विधायक सीपी सिंह पहुंचे। इस अवसर पर विधायक ने विजय छापरिया को सम्मानित कर उद्योग, संगठन एवं समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि लघु उद्योग भारती राष्ट्रहित में कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है, जो उद्योगों के विकास के साथ-साथ समाज को भी मजबूत बनाने का कार्य कर रहा है। विजय छापरिया को सम्मानित करना उनके लिए गर्व का विषय है। उनके द्वारा वर्षों से किए गए समर्पित कार्य, कुशल नेतृत्व और समाजहित में दिए गए योगदान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। विधायक ने कहा कि यह सम्मान विजय छापरिया के दीर्घकालीन समर्पण, नेतृत्व क्षमता एवं प्रेरणादायी कार्यों के प्रति आदर और कृतज्ञता का प्रतीक है। इस अवसर पर सुशीला छापरिया, आदित्य छापरिया, नीलम छापरिया, लघु उद्योग भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे, महिला विंग की अध्यक्षा सरिता पांडे, उपाध्यक्ष सुचित्रा छापरिया समेत परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### फादर्स डे पर बच्चों ने पापा के साथ किया डांस, कुंदन को बेस्ट फादर का खिताब मिला




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर में रविवार को फादर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम फादर्स डे स्पेशल का आयोजन किया गया। पूरी शाम कैंपस में आये डैडी के नाम रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए बेस्ट डैड का चयन हुआ। बच्चों और डैडी की टीमों के बीच क्वेश्चन आंसर राउंड हुआ।उसके बाद पापा थीम के गीतों के थीम पर कैटवॉक की। कुंदन ने बेस्ट फादर का खिताब जीता जबकि इसी प्रतियोगिता में शिबू मुंडा को दूसरा और अविनाश को तीसरा स्थान मिला। इसके पूर्व दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक, वैंस मॉडलिंग ग्रुप के निदेशक वसीम आलम, देव ज्योति नाहा (डीजे सर), अस्मिता रानी, श्वेता शरणा, नीलिमा पूर्ति आदि को एक्वा वर्ल्ड की ओर से समर हॉलीडे श्रृंखला में उत्कृष्ट योगदान के लिए चेयरमैन प्रतुल शाह देव के द्वारा सम्मानित किया गया। दीपांजलि के बच्चों ने पापा के थीम वाले गानों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला परफॉर्मेंस दिया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जेल अदालत दो बंदियों को मिली रिहाई



रांची। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत के माध्यम से लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से केंद्रीय कारा में निरुद्ध 45 बंदियों के आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। सुनवाई के उपरांत दो बंदियों को जेल अदालत का लाभ प्रदान करते हुए रिहा किया गया।

### लाभुकों के हितों की अनदेखी हुई तो होगा आंदोलन : कैलाश यादव



**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लाइट हाउस जनकल्याण समिति के बैनर तले शनिवार को लाभुकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्यामसुंदरी देवी ने की। बैठक में बड़ी संख्या में लाभुकों ने भाग लेते हुए परिसर में पानी, बिजली, लिफ्ट, सीवरेज सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं तथा सोसायटी संचालन को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में उपस्थित लाभुकों ने सोसायटी के अध्यक्ष सुधीर तिवारी एवं सचिव कमल शर्मा पर मेंटेनेंस शुल्क के नाम पर मनमाने तरीके से राशि वसूली करने का आरोप लगाया। लाभुकों ने कहा कि परिसर में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है, जिससे लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित राजद नेता एवं लाइट हाउस जनकल्याण समिति के मुख्य संयोजक कैलाश यादव ने कहा कि लाभुकों द्वारा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

## पेज एक के शेष

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस...

इस दौरान वज्रासन, सिद्धासन, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, शवासन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शीर्षासन एवं सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन कराए गए। वहीं भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी तथा शीतली प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षकों ने इन योग क्रियाओं के महत्व और उनसे होने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पूरे वर्ष नियमित रूप से योग प्रशिक्षण देकर लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पवन कुमार गुप्ता और सीमा सहाय को सम्मानित किया गया। इसके अलावा महराजा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उत्कृष्ट हर्बल गार्डन के निर्माण और उसके बेहतर रखरखाव के लिए डॉ. अजय कुमार उपाध्याय को भी प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता, नजारत उप समाहर्ता नीरज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम, डीपीएम मृत्युंजय मेहता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा समाजसेवा से जुड़े लोग, विद्यार्थी, मीडियाकर्मी और बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित योग कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि योग स्वस्थ, संतुलित और दीर्घायु जीवन की आधारशिला है तथा इसे अपनाकर ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

### योग को दिनचर्या...

उन्होंने लोगों से नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा का अमूल्य उपहार है, जिसे आज पूरा विश्व स्वीकार कर चुका है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण का आधार है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने कहा कि योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए नियमित योगाभ्यास जरूरी है। कार्यक्रम में नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, विजय आनंद पाठक, प्रभात कुमार, अजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, रूपा सिंह, प्रिय रंजन कुमार, शुभम प्रसाद, राजहंस अग्रवाल, रेणु देवी, विजय कुशवाहा, श्रवण गुप्ता, सुनील तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

### पीएलएफआई के एरिया...

प्रारंभिक पूछताछ में श्रवण दास ने स्वीकार किया कि उसने संगठन के उपयोग के लिए कुछ अतिरिक्त हथियार और गोला-बारूद विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखे हैं। इसके बाद पुलिस टीम उसकी निशानदेही पर उसे हथियारों की बरामदगी के लिए जरियागढ़ थाना क्षेत्र के इंदवन जंगल लेकर गई। इसके अतिरिक्त पीएलएफआई संगठन से जुड़े पर्चे, प्रचार सामग्री और एक महत्वपूर्ण डायरी भी जब्त की गई है। पुलिस का मानना है कि बरामद दस्तावेज संगठन के नेटवर्क, वित्तीय गतिविधियों, लेवी वसूली तंत्र और सक्रिय सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि श्रवण दास लंबे समय से खूंटी और आसपास के जिलों में सक्रिय था तथा संगठन की गतिविधियों को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लेवी वसूली, ठेकेदारों को धमकाने, विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने और क्षेत्र में दहशत फैलाने जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, हाल के दिनों में उसने कर्रा थाना क्षेत्र में रेलवे निर्माण कार्य से जुड़े एक परियोजना स्थल पर फायरिंग की थी और वहां खड़ी कई मशीनों एवं वाहनों में आग लगा दी थी। इसके अलावा, तोरपा क्षेत्र में एक गैस गोदाम पर गोलीबारी तथा सुंदारी क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल परियोजना से जुड़े ठेकेदारों से लेवी मांगने की घटनाओं में भी उसकी संलिप्तता सामने आई है। इन घटनाओं के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए थे और स्थानीय लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हुआ था। एसपी ने कहा कि श्रवण दास की गिरफ्तारी पीएलएफआई के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे संगठन की गतिविधियों को बड़ा झटका लगेगा और क्षेत्र में शांति एवं विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस उग्रवाद के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और किसी भी उग्रवादी संगठन को कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनने नहीं दिया जाएगा।एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि पुलिस संगठन से जुड़े अन्य सक्रिय सदस्यों और सहयोगियों की पहचान करने में जुटी है। बरामद दस्तावेजों और डायरी के आधार पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की उम्मीद है, जिसके बाद आगे भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने उग्रवादी गतिविधियों में शामिल युवाओं और अन्य लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की।

### भटके हुए युवाओं...

वहीं, पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा और झारखंड जगुआर द्वारा विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर नक्सलियों एवं उग्रवादियों के खिलाफ लगातार अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसका असर यह हुआ है कि अब केवल कुछ गिने-चुने दुर्गम क्षेत्रों तक ही नक्सली और उग्रवादी सीमित रह गए हैं। राज्य में नक्सली घटना और हिंसा में भारी कमी दर्ज की गई है।

### योग भारतीय संस्कृति...

इसी थीम को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम के दौरान लोगों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योग कर स्वास्थ्य और मानसिक शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, भागदौड़ और मानसिक दबाव के बीच योग लोगों को मानसिक संतुलन बनाए रखने तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मन को शांति मिलती है। उन्होंने लोगों से योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक योगाभ्यास का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग सत्र में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सरोज शर्मा सहित कई गण्यमान्य अतिथि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मांडर में पानी...

घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और मातम छा गया। परिजनों ने कहा कि कुछ ही देर पहले दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे और किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। इधर, सूचना मिलते ही मांडर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नीट-2026 परीक्षा...

पलामू जिले के चारों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। केंद्रवार उपस्थिति के अनुसार जिला स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, मेदिनीनगर में 430 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 37 अनुपस्थित रहे। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स केजी स्कूल, मेदिनीनगर में 442 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 38 अनुपस्थित रहे। आर.के. प्लस टू हाई स्कूल, मेदिनीनगर में 486 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 42 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय, मेदिनीनगर केंद्र पर 335 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 25 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने सफल परीक्षा संचालन के लिए केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल एवं अन्य कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई।

ग्रामीण विकास का...

इन परियोजनाओं के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और लोगों को सीधे मुख्य सड़कों से जुड़ाव मिलेगा। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास का आईना होती है। उनका उद्देश्य विशेष रूप से सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सड़कें लोगों और वस्तुओं के आवागमन को आसान बनाने के साथ-साथ व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूती प्रदान करती हैं। बेहतर सड़क नेटवर्क से ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक मिश्रा, वरिष्ठ नेता धर्मदेव सिंह यादव, ईश्वरी पांडेय, निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा, कुंदन प्रसाद, अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राहुल सिंह गिरोह...

रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि आरोपित क्षेत्र के माइंस और क्रशर में आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। तीनों के खिलाफ बारियातू थाना कांड संख्या 39/2026 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

## एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप

# भारत ने न्यूजीलैंड को 2-0 से हराया



» हॉकी इंडिया ने प्राइज मनी का ऐलान किया है

» 6-0 से सेमीफाइनल में चिली को हराया

**एजेंसी। ऑकलैंड**

भारत ने एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम ने रविवार को खिताबी मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। इस कामयाबी पर हॉकी इंडिया ने प्राइज मनी का ऐलान किया है। मुकाबले के चौथे मिनट में नवनीत कौर ने भारत के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद सुनीलिता टोप्पो (15वें मिनट) ने दूसरा गोल दागा।

### टीम ने शानदार

डिफेंसिव खेल दिखाते हुए जीत हासिल की और खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही अगले सीजन के एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में अपनी जगह भी पक्की कर ली। फाइनल में लालरेम्सियामी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड मिला, जबकि दीपिका छह गोल के साथ टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर रहीं; उन्होंने यह सम्मान यूएसए की एशले सेसा के साथ साझा किया। यह भारत की दूसरी नेशंस कप जीत है। इससे पहले उन्होंने साल 2022 में हुए पहले टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। भारत इस इवेंट में अजेय रहा और पूल-ए के मुकाबलों में यूएसए (3-2), जापान (2-1) और उरुग्वे (3-2) को शिकस्त दी थी। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में चिली के खिलाफ 6-0 से हराया। फाइनल में, उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर खिताब जीता।

### फाइनल मैच

की शुरुआत में मेजबान टीम का बॉल पर ज्यादा कब्जा रहा और वे बढ़त बनाने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, मेहमान टीम ने पहला बड़ा मौका तब बनाया जब नवनीत को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। उन्होंने चौथे मिनट में एक जबरदस्त स्ट्राइक के साथ इस सेट-पीस से गोल किया और भारत को बढ़त दिलाई। भारत ने ट्रांजिशन में शानदार खेल दिखाया और अपनी ऊर्जा से न्यूजीलैंड के डिफेंस के लिए कई मुश्किलें खड़ी कीं। उन्होंने पहले क्वार्टर में मिले पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर अपनी बढ़त बढ़ाई। 15वें मिनट में सुनीलिता टोप्पो ने दीपिका के तेज शॉट को दिशा देकर स्कोर 2-0 कर दिया।

### दूसरे क्वार्टर में

भारत ने अनुशासित खेल जारी रखा, जबकि न्यूजीलैंड ने अपनी लय हासिल की और वापसी की कोशिश की। मेहमान टीम को भी अंतर कम करने के कुछ मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम दोबारा गोल नहीं कर सकी, जिससे हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त बरकरार रही।

### तीसरे क्वार्टर

में भारत ने मजबूती बनाए रखी और जबरदस्त डिफेंस का प्रदर्शन किया, जिससे मेजबान टीम गोल करने का कोई स्पष्ट मौका नहीं बना सकी। उनके तेजतर्रार खेल ने न्यूजीलैंड के डिफेंस से गलती करवाई, लेकिन नवनीत के रिवर्स शॉट को गोलकीपर ने रोक लिया। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में ही न्यूजीलैंड को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। हालांकि, सविता ने उस सेट-पीस को बचा लिया और भारत की दो गोल की बढ़त बनाए रखी। मेहमान टीम ने अपने अनुशासित डिफेंस का शानदार प्रदर्शन जारी रखा और आखिरकार 2-0 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। टीम की इस कामयाबी का जश्न मनाने के लिए, हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 3 लाख रुपए और सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों के लिए 1.5 लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा की है।

**दीपिका छह** गोल के साथ टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर रहीं

**लालरेम्सियामी** 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड मिला



# जापान ने दर्ज की 4-0 से ऐतिहासिक जीत

**ट्यूनीशिया** हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी। मॉन्टेरी**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-एफ के मुकाबले में जापान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराया। विश्व कप के इतिहास में यह पहला मौका है, जब जापान ने एक मैच में चार गोल किए हैं। इस हार के साथ ही ट्यूनीशिया का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है।

इस जीत के साथ ही जापान ने नॉकआउट स्टेज में पहुंचने की अपनी दावेदारा को पुख्ता कर लिया है। फीफा वर्ल्ड कप में एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) की टीमों के बीच खेले गए पिछले 151 मैचों में किसी भी टीम ने एक मुकाबले में चार गोल नहीं किए थे। जापान ने यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है और वह ऐसा करने वाला पहला एएफसी देश बन गया है। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि जापान की यह जीत वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी एएफसी टीम की सबसे बड़ी जीत भी है।

जापान की बड़ी जीत की शुरुआत अयासे उएदा ने की। उन्होंने ऊंची छलांग लगाते हुए ट्यूनीशिया के डिफेंडरों के ऊपर से बेहतरीन हेडर लगाया और गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाते हुए जापान को 1-0 की बढ़त दिलाई। इस मुकाबले में उएदा ने दो गोल किए और इसके साथ ही वह फीफा वर्ल्ड कप के एक ही मैच में दो गोल करने वाले पहले जापानी खिलाड़ी बने।

वहीं, फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास के 1000वें मैच में कीटो नाकामुरा ने भी अपना नाम दर्ज कराया। वह पेनल्टी बॉक्स में तेजी से पहुंचे और सही जगह पर मौजूद रहे। इसके बाद दाइची कामदा को कई खिलाड़ियों के बीच से सटीक पास दिया, जिसे कामदा ने गोल में बदलकर जापान की बढ़त को 2-0 कर दिया। कामदा का चौथे मिनट में किया गया गोल फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी जापानी खिलाड़ी द्वारा किया गया सबसे तेज गोल है। इससे पहले, यह रिकॉर्ड शिंजी कागावा के नाम था, जिन्होंने साल 2018 में कोलंबिया के खिलाफ मैच के छठे मिनट में गोल दागा था। उएदा ने मैच के 31वें मिनट में जापान के लिए दूसरा गोल दागा।

दूसरे हाफ में भी जापान का दबदबा देखने को मिला।



# इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम का ऐलान

नई दिल्ली, 21 जून (आईएएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। श्रेयस अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है। जसप्रीत बुमराह की वनडे टीम में वापसी हुई है। वहीं, विराट कोहली को टीम में जगह दी गई है, लेकिन उन्हें फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा। शुभमन गिल कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। गिल के साथ पारी का आगाज करते हुए रोहित शर्मा नजर आएंगे। हालांकि, अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में शतकीय पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल नहीं किया गया है। विकेटकीपर के तौर पर केएल राहुल और ईशान किशन को टीम में जगह दी गई है। ऋषभ पंत को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। वॉशिंगटन सुंदर इस सीरीज के लिए सिलेक्टर्स का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। वहीं, अक्षर पटेल को भी टीम में जगह दी गई है। नीतीश कुमार रेड्डी को भी 15 सदस्यीय टीम में रखा गया है। तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के हाथों में सौंपी गई है। वहीं, उनका साथ प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह देते हुए नजर आएंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले गुरनूर बरार को भी टीम में शामिल किया गया है। स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को टीम में रखा गया है। वनडे सीरीज की शुरुआत 14 जुलाई से होगी। सीरीज का पहला मुकाबला एजबेस्टन में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच 16 जुलाई को होगा, जबकि सीरीज का आखिरी मुकाबला 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाना है।

# 600 खिलाड़ियों ने दिया नशामुक्त समाज का संदेश




**नवनी मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में संचालित जिला स्तरीय मादक पदार्थ रोकथाम जागरूकता अभियान का भव्य समापन शुक्रवार को किया गया। अभियान के तहत आयोजित विभिन्न खेल एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न खेल केंद्रों से जुड़े करीब 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

मादक पदार्थों के सेवन एवं दुरुपयोग की रोकथाम के उद्देश्य से चलाए गए इस विशेष अभियान का संचालन जिला खेल कार्यालय, रांची द्वारा किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया।

अभियान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों, खेलो इंडिया केंद्रों, डे-बोर्डिंग केंद्रों, विभिन्न खेल अकादमियों तथा झारखंड मलखंब अकादमी के खिलाड़ियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मलखंब अकादमी के खिलाड़ियों ने पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब और पिरामिड का आकर्षक प्रदर्शन कर कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में जल्द लॉन्च होगा सैमसंग गैलेक्सी एम 47 5G

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सैमसंग इंडिया ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम47 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है। साल 2019 में पहली बार पेश की गई यह सीरीज पूरी तरह से "मेड इन इंडिया" और "मेड फॉर इंडिया" के मूलमंत्र पर आधारित है, जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया गैलेक्सी एम47 5जी, आधुनिक शैली और दमदार हार्डवेयर का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है। यह स्मार्टफोन जितना स्टाइलिश है, प्रदर्शन के मामले में उतना ही सक्षम भी है। चाहे कंटेंट ब्राउज़ करना हो, एक साथ कई काम करने हों या फिर हाई-एंड गेमिंग का आनंद लेना हो, यह हर मोर्चे पर यूज़र्स को एक सहज और इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगा। गैलेक्सी एम47 5जी में सुपरफास्ट परफॉर्मेंस और स्लीक डिज़ाइन का बेजोड़ संगम देखने को मिलेगा। यह स्मार्टफोन एक शक्तिशाली प्रोसेसर, तेज़ रैम और बड़े स्टोरेज से लैस होगा, जो रोजमर्रा के सामान्य कार्यों से लेकर भारी उपयोग के दौरान भी बिना किसी रुकावट के स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। यह दिखने में जितना प्रीमियम और स्लीक होगा, मजबूती के मामले में भी उतना ही शानदार होगा, जिसकी उम्मीद आज की युवा पीढ़ी अपने स्मार्टफोन से करती है।

गैलेक्सी एम47 5जी अपने सेगमेंट के सबसे दमदार फीचर्स के साथ भारतीय बाजार में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उपभोक्ताओं के लिए तकनीक की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। गैलेक्सी एम47 5जी के इस आगामी लॉन्च के साथ सैमसंग का उद्देश्य भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपने नेतृत्व को और अधिक सुदृढ़ और मजबूत बनाना है।

# नौ कंपनियों का मार्केट कैप 2.15 लाख करोड़ बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। वैश्विक स्तर पर जोखिम भरे सेंटीमेंट्स में सुधार के चलते देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 के मार्केट कैप (बाजार मूल्यांकन) में संयुक्त रूप से 2.15 लाख करोड़ रुपये (2.15 ट्रिलियन) का बड़ा उछाल आया है। इस दौरान टेलीकॉम दिग्गज भारती एयरटेल निवेशकों के लिए सबसे बड़ी विनर बनकर उभरी। पूरे हफ्ते के कारोबार पर नजर डालें तो बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 1,274.95 अंक यानी 1.68 फीसदी की बढ़त दर्ज करने में कामयाब रहा।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म 'एनरिच मनी' के सीईओ पोंमुडी आर. के मुताबिक, भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और बेहतर वैश्विक संकेतों के दम पर इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में रिकवरी का दौर जारी रहा। हालांकि, वैश्विक स्तर पर बातचीत अभी भी जारी है और पूरी तरह समझौता लागू होना बाकी है, फिर भी अनिश्चितता कम होने से मार्केट का मूड काफी सुधरा है।

### एयरटेल और एलआईसी ने मारी बाजी, टीसीएस को हुआ नुकसान

कंपनियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें तो भारती एयरटेल के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा 52,432.67 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई, जिससे इसका कुल मूल्यांकन बढ़कर 11,62,963.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी भी पीछे नहीं रही और इसके बाजार मूल्यांकन में 51,675.23 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ, जिससे यह 5,56,726.30 करोड़ रुपये हो गया।

दूसरी तरफ, आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी टीसीएस को इस हफ्ते नुकसान उठाना पड़ा। टीसीएसका बाजार मूल्यांकन 12,699.49 करोड़ रुपये घटकर 7,69,350.13 करोड़ रुपये रह गया। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआइसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान आता है।

# भारत-यूरोपीय संघ एफटीए मार्च 2027 तक हो सकता है लागू : पीयूष गोयल

**एजेंसी। मुंबई**

- विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए
- "पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है"
- भारत की पहुंच को काफी बढ़ा देगा



भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) दिसंबर के अंत तक साइन हो जाएगा। इसके साथ, यह फरवरी-मार्च 2027 तक लागू हो सकता है। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को दी।

देश की आर्थिक राजधानी में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यह समझौता कई तरह के सामानों पर टैरिफ कम करके यूरोपीय बाजार तक भारत की पहुंच को काफी बढ़ा देगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, "अब लगभग जीरो ड्यूटी के साथ, पूरा यूरोपीय बाजार हमारे लिए खुल जाएगा। ईयू के साथ एफटीए पर दिसंबर तक हस्ताक्षर हो जाएंगे और यह फरवरी-मार्च तक लागू हो जाएगा।"

भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने 27 जनवरी को एफटीए के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी, जिसे गोयल ने 'मदर ऑफ ऑल डील' बताया था।

इस प्रस्तावित समझौते के तहत, भारत के लगभग 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजार में बिना किसी शुल्क के पहुंच मिलने की उम्मीद है।

मंत्री ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया भर के देश भारत के साथ आर्थिक साझेदारी मजबूत करने के इच्छुक हैं।

गोयल ने कहा, "पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है।"

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर इस हफ्ते भारत का दौरा करने वाले हैं, ताकि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत हो सके।

संबोधन के दौरान, गोयल ने आर्थिक विकास के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया।

देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए।

### गोयल ने कहा

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा हमसे कहते हैं कि देश को विकास की जरूरत है, और देश को अपनी विरासत की भी जरूरत है। कोई भी देश अपनी संस्कृति, विरासत और परंपराओं का ध्यान रखे बिना विकसित राष्ट्र नहीं बना है।"